छ.ग. राज्य विद्युत कम्पनी मर्या. की गृह पत्रिका

# संकल्प

जनवरी-फरवरी 2020 ■ वर्ष-17




EYE ON DEVELOPMENT OF CHHATTISGARH






स्वच्छ भारत

एक कदम स्वच्छता की ओर

छ.ग. राज्य विद्युत कम्पनी मर्या. की गृह पत्रिका

# संकल्प

जनवरी-फरवरी 2020 ■ वर्ष-17

**संरक्षक**



**श्री शैलेन्द्र कुमार शुक्ला**
अध्यक्ष



**श्री मो. कैसर अब्दुलहक** (IAS)
प्रबंध निदेशक (डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी)



**श्री अशोक कुमार**
प्रबंध निदेशक (ट्रांसमिशन कंपनी)



**श्री एन.के. बिजौरा**
प्रबंध निदेशक (जनरेशन कंपनी)

**संपादक : संकल्प**
**विजय कुमार मिश्रा**
अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क)
छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कं. मर्या., डंगनिया, रायपुर, छत्तीसगढ़
e-mail : vijay.mishra361@gmail.com



## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी मर्यादित

### प्रदेश में विद्युत प्रगति का पटल

| | नवंबर 2000 | फरवरी 2020 |
|---|---|---|
| ताप विद्युत क्षमता | 1240 मेगावॉट | 3080 मेगावॉट |
| जल विद्युत क्षमता | 120 मेगावॉट | 138.70 मेगावॉट |
| कुल ताप, जल विद्युत क्षमता | 1360 मेगावॉट | 3224.70 मेगावॉट |
| क्षमता वृद्धि | --- | 1864.70 मेगावॉट |
| अति उच्चदाब उपकेंद्रों की संख्या | 27 नग | 121 नग |
| अति उच्चदाब लाइनों की लंबाई | 5205 सर्किट कि.मी. | 12682 सर्किट कि.मी. |
| केपेसिटर स्थापित क्षमता | 94 एमव्हीएआर | 1085 एमव्हीएआर |
| 33/11 केव्ही उपकेंद्रों की संख्या | 248 नग | 1310 नग |
| 33 केव्ही लाइनों की लंबाई | 6988 सर्किट कि.मी. | 22423 स. कि.मी. |
| 11/04 केव्ही उपकेंद्रों की संख्या | 29692 नग | 177332 नग |
| 11 केव्ही लाइनों की लंबाई | 40556 कि.मी. | 112553 कि.मी. |
| निम्नदाब लाइनों की लंबाई | 51314 कि.मी. | 191814 कि.मी. |
| विद्युतीकृत मजराटोलों की संख्या | 10375 | 39171 |
| विद्युतीकृत पंपों की संख्या* | 73369 | 439573 |
| एकलबत्ती कनेक्शन की संख्या* | 630389 | 2014764 |

*प्रावधिक

छायाकार : संजय टेम्बे

सहयोग : जाबिर मोहम्मद कुरैशी



# पॉवर कंपनी में नववर्ष मिलन समारोह

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी मुख्यालय डंगनिया सेवाभवन में "अलविदा 2019 स्वागत 2020" का आयोजन 01 जनवरी को किया गया। समारोह में पॉवर कंपनीज चेयरमेन श्री शैलेन्द्र शुक्ला सहित प्रबंध निदेशक सर्वश्री मोहम्मद कैसर अब्दुल हक, अशोक कुमार, तत्कालीन एमडी (जन.) राजेश वर्मा एवं डायरेक्टर सर्वश्री जी.सी.मुखर्जी, एच.आर. नरवरे ने मंगलकामनाओं की अभिव्यक्ति दी। पॉवर कम्पनीज के अधिकारियों/कर्मचारियों ने कंपनी प्रबंधन के साथ नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया।

कार्यक्रम में चेयरमेन श्री शुक्ला ने कहा कि बीता वर्ष 2019 प्रदेश में विद्युत विकास की दृष्टि से ऐतिहासिक रहा है। राज्य सरकार की जनहितैषी सोच के अनुरूप "गढ़बो नवा छत्तीसगढ" को बिजली के बूते साकार किया गया। शहरी उपभोक्ताओं की भांति ग्रामीण क्षेत्रों में भी गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित हुई। बस्तर और सरगुजा जैसे वनांचलों में बरसों से बिजली की बाट जोहते ग्रामीणों के गांव घर को बिजली से आलोकित करने में सफलता मिली। नवागत वर्ष 2020 में बिजली संबंधी नई योजनाओं और उपभोक्ता हित में नई सुविधाओं का विस्तार करने पॉवर कंपनी संकल्पित है।

आगे एमडी श्री अब्दुल हक ने कहा कि आने वाले समय में विद्युत विकास की संभावनाओं को साकार करने में पॉवर कंपनी प्रबंधन के साथ टीम वर्क की भावना लिये अधिकारी-कर्मचारीगण और तेजी से काम करेंगे। इसी क्रम में प्रबंध निदेशक (पारेषण) श्री कुमार ने कहा कि नववर्ष यही संदेश देता है कि बीते वर्ष की गलतियों से सबक लेते हुये आने वाले समय में अपनी कार्यशैली को उपभोक्ता हित में और बेहतर बनायें। इसके लिये पारेषण कंपनी सुदूर अंचलों में निर्माणाधीन उपकेन्द्रों, लाईनों को निर्धारित समय में पूरा करने प्रयासरत रहेगी। कार्यक्रम का संयोजन मानव संसाधन प्रमुख श्री एचके पाण्डेय ने तथा संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा ने किया।

# छतों पर सौर संयंत्र लगाने हेतु पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी नोडल एजेंसी नियुक्त

**छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदेश में ग्रिड कनेक्टेड सोलर रूफ टाफ प्रोग्राम फेस-2 योजना के क्रियान्वयन हेतु पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को ''इम्पलीमेंटेशन एण्ड स्टेट नोडल एजेंसी'' नियुक्त किया है।**

इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुये प्रदेश हित में "रूफटॉप सोलर फोटो वोल्टेक सिस्टम" की स्थापना हेतु सक्षम एजेंसियों को चिन्हांकित कर अनुबंध करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। इस योजना का उद्देश्य सौर ऊर्जा का अधिकाधिक उपयोग, सस्ती दर पर बिजली सहित पर्यावरण संरक्षण प्रमुख है। आमजनों के घर तथा शासकीय भवनों की छत पर संयंत्र स्थापित किये जायेंगे।

भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में पहली बार सोलर रूफटॉप योजना को पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा लागू करने कारगर कदम उठाये गये है। इस दिशा में आगे बढ़ते हुये 1 के.डब्लू.पी. से 500 के.डब्लू.पी. क्षमता के ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सोलर फोटो वोल्टेक सिस्टम की स्थापना की तैयारी की जा रही है। इस योजना के अन्तर्गत इच्छुकजन अपने घर की छत पर अनुबंधित एजेंसी के द्वारा सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर सकेंगे।

घरेलू उपभोक्ताओं को सोलर पॉवर प्लांट पर सब्सिडी दी जायेगी। जिसके अन्तर्गत 01 से 03 किलोवॉट तक 40 प्रतिशत तथा 03 से अधिक 10 किलोवॉट तक 20 प्रतिशत सब्सिडी दी जायेगी। प्रति किलोवॉट दर के निर्धारण हेतु टेण्डर के माध्यम से प्रक्रियाधीन है। छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने हेतु उसकी डिजाईन, स्थापना, परीक्षण तथा क्रियाशील से लेकर उसके रखरखाव की जिम्मेदारी अनुबंधित एजेंसी की ही होगी। छतों पर ग्रिड कनेक्टेड सौर संयंत्र स्थापित कर हितग्राही उत्पादित विद्युत का उपभोग स्वयं कर सकेगा तथा ग्रिड में प्रवाहित विद्युत नेट मीटरींग के माध्यम से विद्युत देयकों में समायोजित होगा। इस योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु छत्तीसगढ पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में सोलर एनर्जी सेल का गठन किया गया है। इस हेतु आवेदन करने की प्रक्रिया ऑनलाईन होगी। सोलर सिस्टम द्वारा उत्पादित बिजली की गणना हेतु उपभोक्ता के परिसर में मीटर स्थापित किया जायेगा। इस प्रोग्राम के कार्य घरेलू उपभोक्ताओं एवं शासकीय भवनों के लिये पृथक-पृथक दो भागों में संपादित किये जा रहे हैं।











# पॉवर कंपनी में गणतंत्र दिव

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनी मुख्यालय में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि पॉवर कंपनीज के चैयरमेन श्री शैलेन्द्र कुमार शुक्ला ने ध्वजारोहण कर मार्चपास्ट परेड की सलामी ली। समारोह के विशिष्ट अतिथि प्रबंध निदेशक (पारेषण) श्री अशोक कुमार, प्रबंध निदेशक (उत्पादन) श्री एन.के. बिजौरा सहित डायरेक्टर सर्वश्री जी.एस. मुखर्जी, एच.आर. नरवरे, ओ.सी. कपिला, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) श्री एच.के. पाण्डेय, एजीएम ए.के. सतसंगी ने इस महान पर्व पर मंगलकामनाओं एवं बधाई का आदान-प्रदान किया।**

समारोह में मुख्य अतिथि श्री शुक्ला ने देश के बलिदानी सपूतों को नमन करते हुये भारतीय संविधान की महत्ता को प्रतिपादित किया। उन्होंने कहा कि आजाद भारत के इतिहास में आज का दिन विशेष महत्व रखता है। आज ही के दिन वर्ष 1950 में हमारा संविधान लागू हुआ था। तब से लेकर अब तक संविधान में दर्ज आदर्शों का पालन करते हुये देश के सभी राज्यों ने चहुँमुखी प्रगति की है। प्रगति की गति को बढ़ाने में विद्युत की भूमिका सर्वोपरि परिलक्षित हो रही है।

विकास के अग्रदूत पथिक बिजली के मामले में छत्तीसगढ़ आत्मनिर्भर बना हुआ है। सुनियोजित कार्ययोजना और उत्कृष्ट कार्यशैली को बनाये हुये राष्ट्रीय स्तर पर हम इसी तरह अग्रणी बने रहें, यही कामना है। विद्युत उत्पादन के मामले में आगे बढ़ते हुये हमारा छत्तीसगढ़ देश का एक अकेला ऐसा राज्य बन गया है, जो कि देश की कुल विद्युत स्थापित क्षमता में 12 से 13 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। देश भर के स्टेट पॉवर सेक्टर के संयंत्रों की तुलना में हमारे विद्युत संयंत्र उच्च स्तर पर प्लांट लोड फैक्टर को बनाये हुये हैं। इसके लिए जनरेशन कंपनी की टीम को हार्दिक बधाई।

भविष्य में भी प्रदेश के विद्युत मानचित्र पर पॉवर कम्पनीज की उन्नति और उपलब्धियां इसी तरह सिर उठाकर कहने लायक बनी रहें इस हेतु निर्धारित लक्ष्यों को यथासमय अर्जित करने की आवश्यकता है। आज ऐतिहासिक दिवस पर बताते हुये गर्व हो रहा है कि प्रदेश की पारेषण क्षमता आठ हजार मेगावॉट तक जा पहुंची है। पारेषण हानि में लगातार गिरावट लाने में कंपनी को बड़ी कामयाबी मिली है। फलस्वरूप पारेषण हानि मात्र 3.09 प्रतिशत दर्ज हो रही है। यह राष्ट्रीय पारेषण हानि के समकक्ष है। पारेषण प्रणाली की उपलब्धता 99.93 प्रतिशत रही है, जो कि एक अद्वितीय कीर्तिमान है। इसके लिये पारेषण कंपनी की टीम को कोटि-कोटि बधाई।

विद्युत से हो रहे विकास का एक बड़ा पैमाना प्रति व्यक्ति विद्युत की खपत को माना जाता है। देश के अन्य राज्यों की तुलना में हमारे प्रदेश में प्रति व्यक्ति विद्युत की खपत 1724 के.डब्लू.एच. दर्ज हो रही है। यह उपभोक्ता सेवा सुविधा में हुई वृद्धि का भी पुख्ता प्रमाण है। सहज कनेक्शन के साथ

## कोरबा पश्चिम विद्युत गृह को मिला उत्कृष्टता पुरस्कार

**सर्वोत्तम राजस्व प्रबंधन, न्यूनतम ट्रांसफार्मर फेलुवर-न्यूनतम लाईन लॉस, हेतु सूरजपुर, कोण्डागांव, बीजापुर संभाग पुरस्कृत**

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनीज द्वारा विद्युत विकास और उपभोक्ता सेवा में सतत् वृद्धि की जा रही है। इस हेतु विद्युत जनरेशन, पारेषण एवं डिस्ट्रीब्यूशन के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति दर्ज हुई है। प्रगति

# स समारोह सोल्लास सम्पन्न



सस्ती बिजली की आपूर्ति ने ग्रामीण, शहरी, कृषि, उद्योग जगत से जुड़े लोगों के चेहरे पर खुशी के रंग बिखेर दिये हैं। इसके लिये डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी की पूरी टीम को बारम्बार हार्दिक बधाई।

आगे उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर वैश्विक प्रतिस्पर्धा का है। ऐसे दौर में बेहतर कार्यशैली, औद्योगिक श्रमिक शांति का विशेष महत्व है। इसे प्रोत्साहित करने के लिये वर्षों से लंबित पदोन्नति, नई नियुक्ति के प्रकरणों का निपटारा बड़ी संख्या में किया गया। इन कार्यों में कंपनीज के मानव संसाधन विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों का प्रयास अत्यन्त सहराहनीय रहा है। इस हेतु उन्हें हार्दिक बधाई। राज्य शासन एवं उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं के अनुरूप हम टीमवर्क के साथ कंपनी की छवि को बेहतर बनाने में सतत् जुटे रहेंगे।

समारोह में सतर्कता एवं सुरक्षा विभाग के मुख्य सुरक्षा अधिकारी श्री कर्नल प्रदीप कुमार सिंह भदौरिया, टी.डी. मोहरे, आर.के. साहू, पी.एस. सिंह एवं बैन्ड दल के ताराचंद बेन सहित कृष्णा पब्लिक स्कूल रायपुर के छात्र-छात्राओं ने तनिष्क जैन एवं स्मृति भगत के नेतृत्व में परेड की प्रस्तुति दी। परेड समारोह में नन्हा सिपाही का रूप लिये सदाशिव शास्त्री आकर्षण का केन्द्र बना रहा। सात वर्षीय इस बालक ने सोल्जर का रूप लिये बराबरी से मार्चपास्ट में भागीदारी दी। समारोह का आंखो देखा हाल अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा ने सुनाया। अंत में आभार प्रदर्शन अतिरिक्त महाप्रबंधक श्री एके सतसंगी ने किया।









पथ पर आगे बढ़ते हुये उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्युत संयंत्रों एवं संभागों का वार्षिक मूल्यांकन कर पॉवर कम्पनीज प्रबंधन द्वारा उन्हें गणतंत्र दिवस समारोह में पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत टीम को पॉवर कम्पनीज के चेयरमेन श्री शैलेन्द्र शुक्ला ने पारितोषिक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया।

पुरस्कार वितरण समारोह में होल्डिंग कंपनी के कार्यपालक निदेशक श्री एच.के. पाण्डेय ने बताया कि कोरबा पश्चिम विस्तार ताप विद्युत परियोजना को सर्वश्रेष्ठ ताप विद्युत गृह के लिये नकद तीन लाख रुपए का पारितोषिक प्रदान किया गया। इसी तरह सूरजपुर संभाग को सर्वोत्तम राजस्व प्रबंधन, संचारण एवं संधारण संभाग कोण्डागांव को न्यूनतम ट्रांसफार्मर फेलुअर तथा संचारण-संधारण संभाग बीजापुर को न्यूनतम लाईन लॉस के लिये पुरस्कृत किया गया। इस हेतु प्रत्येक को 50-50 हजार रुपए का पारितोषिक प्रदान किया गया। उक्त पुरस्कार अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री पंकज कोले, कार्यपालन अभियंता सर्वश्री एच.के. मंगेशकर, पी.के. सोनी एवं पी.आर. साहू ने ग्रहण किया।

# गणतंत्र दिवस पर उत्कृष्ट कार्यों के लिये विद्युत कर्मी पुरस्कृत

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनी मुख्यालय में प्रदेश भर से चयनित 26 विद्युत कर्मियों को उत्कृष्ट कार्यों के लिए गणतंत्र दिवस 2020 पर पुरस्कृत किया गया। समारोह में पॉवर कम्पनीज के अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र शुक्ला ने पुरस्कृतजनों को पारितोषिक सहित पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में पुरस्कृत कर्मियों के उत्कृष्ट कार्यों का विवरण पॉवर होल्डिंग कंपनी के कार्यपालक निदेशक श्री एच.के. पाण्डेय ने प्रस्तुत किया।

समारोह में श्री पाण्डेय ने कहा कि घने जंगल, पहाड़, नदियों को लांघते हुये विद्युत कर्मी बिजली आपूर्ति विषयक कार्यों में चौबीस घण्टे जुटे रहते हैं। कठिन चुनौतियों के बीच गांव, मजरा-टोलों में बिजली पहुंचाना, नये उपकेन्द्रों का निर्माण, विद्युत गृहों का बेहतर संचालन, प्रशासनिक एवं न्यायालयीन प्रकरणों के त्वरित निपटारा तथा बकाया राजस्व वसूली जैसे कार्यों का कुशलतापूर्वक निष्पादन करने वाले कर्मियों का कार्य सीमा पर तैनात फौजी के मानिंद ही है। अनेक अवसर ऐसे आते हैं जब बिजली कर्मी किसी प्रलोभन में पड़े बिना अपने कार्य को प्राथमिकता देते हैं। ऐसे कर्मियों का सम्मान अन्य कर्मियों के लिये प्रेरक होता है।

## पुरस्कृत विद्युत कर्मी

वार्षिक पुरस्कार समारोह में पुरस्कृत हुये कर्मियों में श्रीमती रूना थवाईत, प्रतिभा रावटे, अनिमा मेरी खलको, देवीना साहू, प्राची अग्रवाल सिन्हा सहित सर्वश्री गंगा प्रसाद बंजारे, राहुल सिंह, दिनेश कुमार सिन्हा, हृदय राम रावते, श्रीकांत साहू, सुखराम बड़ा, प्रमोद कुमार टण्डन, यू.एम. नवरे, बरूण चक्रवर्ती, मनोज वर्मा, एम. रामाकृष्णा, अजय कुमार सिन्हा, निर्मल प्रसाद दास, किशोर बजाज, राधेश्याम केशरवानी, निसार अहमद शेख, राजेन्द्र कुमार दुरूगकर, रामेश्वर नागतोड़े, जागेश्वर साहू, विमलेश पटेल शामिल है। समारोह में उपस्थित ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अशोक कुमार, जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक, श्री एन.के. बिजौरा सहित निदेशक सर्वश्री जी.सी.मुखर्जी एच.आर. नरवरे, ने पुरस्कृत कर्मियों को बधाई दी एवं भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनायें दी।

# पॉवर कंपनीज मुख्यालय में सेवानिवृत्तजनों की भावीभीनी विदाई





छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी से सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों/कर्मचारियों को भावभीनी विदाई कंपनी मुख्यालय से दी गई। पॉवर होल्डिंग कंपनी के अनुभाग अधिकारी श्री आलोक पाण्डेय, सहित ट्रांसमिशन कंपनी के सबस्टेशन सुपरवाईजर श्री एम.ए. एम. हाशमी, आफिस अस्टिंट श्रीमती प्रवीणा कापसे एवं डंगनिया औषधालय से स्वैच्छिक सेवानिवृत्त हुये फार्मासिस्ट श्री विजय तिवारी को प्रतीकात्मक भेंट, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रबंध निदेशक श्री अशोक कुमार सहित अन्य उच्चाधिकारियों ने सुखमय जीवन की कामना की।

विदाई समारोह में होल्डिंग कंपनी के कार्यपालक निदेशक श्री हरीश पाण्डेय, अतिरिक्त महाप्रबंधक श्री ए.के. सत्संगी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एच.एल. पंसारी, डॉ. ऊषा पिल्लई, डॉ. के.एस. छाबड़ा, उपमहाप्रबंधक डॉ. अल्पना शरत तिवारी श्री के.एस.भारती एवं डॉ. निलेश सिंह ने सेवानिवृत्तजनों का स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुये अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा ने कहा कि सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों/कर्मचारियों ने तीन से चार दशक तक की अपनी बहुमूल्य सेवायें कंपनी एवं प्रदेश के विद्युत विकास में दिये हैं। इनका योगदान अविस्मरणीय एवं सेवारत कर्मियों के लिये प्रेरणास्पद है।

पारेषण कंपनी में कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रकाशन अधिकरी श्री गोविन्द पटेल ने एवं आभार प्रदर्शन वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री के.बी.एल. चौकसे ने किया। इस अवसर पर पारेषण कंपनी के कार्यपालक निदेशक सर्वश्री एम.एस. चौहान, ओ.पी. सिंह, पी.के. गुप्ता, पी.सी. पारधी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।



# पॉवर कंपनी के डायरेक्टर सर्वश्री मुखर्जी, नरवरे एवं कपिला की भावभीनी विदाई





छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी मुख्यालय से पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन एवं जनरेशन कंपनी के तीन डायरेक्टर को सेवा अवधि पूर्णता उपरांत 20 फरवरी को भावभीनी विदाई दी गई। पॉवर कंपनी की सेवाओं से विदा ले रहे डायरेक्टर सर्वश्री जी.सी. मुखर्जी, एचआर नरवरे एवं ओ.सी. कपिला ने मध्यप्रदेश सहित छत्तीसगढ़ के पॉवर जनरेशन, ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन के विकास में चार दशक से अधिक की अपनी बहुमूल्य सेवाएं दी है। इन्होंने सेवायात्रा के दौरान अधिकारियों-कर्मचारियों से मिले सहयोग को अपनी सफलता का प्रमुख आधार बताया।

विदाई समारोह में पॉवर कंपनीज अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र शुक्ला, डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के एमडी श्री मोहम्मद अब्दुल केसर हक, एमडी (ट्रांसमिशन)



श्री अशोक कुमार, एमडी (जनरेशन) श्री एन.के.बिजौरा ने सेवानिवृत्त डायरेक्टर्स को प्रतीकात्मक भेंट देकर उनके सपरिवार सुखमय जीवन की कामना की। चैयरमेन श्री शुक्ला ने सेवानिवृत्त हो रहे विद्युत विषयक कार्यों के 40 वर्षों से अधिक दीर्घ अनुभवी अभियंताओं को वृहद् ग्रंथ, ज्ञानवर्धक किताब की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि अनुभवी अभियंताओं के कार्य अन्य सेवारत अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए मार्गदर्शी होंगे।

विदाई समारोह में पॉवर जनरेशन, ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के उच्चाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे जिनका प्रतिनिधित्व करते हुए मानव संसाधन विभाग प्रमुख सर्वश्री एच.के.पाण्डेय, व्ही.के. साय, रवीन्द्र पाठक ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सेवानिवृत्त अभियंताओं के सपरिवार सुखमय जीवन की कामना की। समारोह का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री विजय मिश्रा ने किया। उन्होंने सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला।

# पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के उत्कृष्ट कर्मी गोल्ड मेडल से सम्मानित

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी में उत्कृष्ट कार्यशैली के लिये अपनी विशिष्ट पहचान बनाने में कामयाब हुये छह अधिकारी-कर्मचारियों को प्रबंध निदेशक श्री अशोक कुमार ने गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस असवर पर उन्होंने कहा कि पुरस्कृत कर्मी पॉवर कंपनी के लिये तराशे गए हीरे की भांति बहुमूल्य है। इनके कार्य प्रदेश की पारेषण प्रणाली को उन्नत बनाने की दृष्टि से अनमोल हैं। पुरस्कार चयन समिति में कार्यपालक निदेशक श्री एमएस चौहान, श्री पी.के. गुप्ता, श्री ए.एम. अंसारी, श्री जे.एस. भाटिया और प्रबंधक प्रदीप कुमार राठौर सदस्य थे।

पुरस्कृत कर्मियों में राजनांदगांव के सहायक अभियंता श्री भूषण प्रसाद वर्मा को ट्रांसफार्मर के सर्किट ब्रेकर से मेजर गैस लिकेज की समस्या के निदान तथा रनिंग कंडीशन में उच्च क्षमता की बैटरी बदलने का सराहनीय कार्य करने, कोरबा के टेस्टिंग असिस्टेंट श्री मुंज कुमार गभेल को दर्री और गेवरा उपकेन्द्र से साउथ ईस्टर्न कोल लिमिटेड के पावर फीडर का ब्रेकर सूझबूझ सुधारने, सेनेटरी इंस्पेक्टर से लेखाधिकारी पद हेतु चयनित श्री वी.एस. वर्गीस को कास्ट एवं मैनेजमेंट एकाउंट जैसा कठिन और टाइम टेकिंग कार्य का निपटारा करने, बिलासपुर के लाइन



असिस्टेंट श्री हरिप्रसाद टेमरे को छुरी-मोपका लाइन के अस्थिर टावर को सीमित संसाधन में सुधार करने, भिलाई के अटेंडेंट ग्रेड-2 बेल्टमेन श्री रमेश कुमार वर्मा को भिलाई उपकेन्द्र में क्षतिग्रस्त आर्थिंग वायर को नीचे उतारे बिना लाइन सुधारने का कठिन कार्य करने एवं भिलाई के अटेंडेंट श्री कृष्ण कुमार वर्मा को कुरुद-धमतरी-गुरुर लाइन के निर्माण कार्य में आई समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) श्री पीसी पारधी ने तथा संचालन सहायक प्रकाशन अधिकारी गोविन्द पटेल ने किया।

## केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में नवनियुक्त सहायक प्रबंधक (वित्त)/(मानव संसाधन), कल्याण अधिकारी एवं प्रोग्रामर का प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ एवं सहायक तथा कनिष्ठ सिविल अभियंताओं को प्रशिक्षण उपरांत प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन 10 फरवरी को केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान रायपुर में किया गया, जिसमें लगभग 70 प्रशिक्षु शामिल हुये। इस अवसर पर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक मोहम्मद केसर अब्दुल हक ने कहा कि जनकल्याण में संलग्न पॉवर कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारीगण सकारात्मक सोच के साथ कार्य करें। यह सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रषस्त करेगा। उन्होंने नवनियुक्त अधिकारियों को बधाई दी साथ ही कार्यालय सहित मैदानी क्षेत्रों में जाकर कार्य करने का परामर्श दिया।

कार्यक्रम में उपस्थित ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अशोक कुमार ने प्रशिक्षुओं को नये कार्य करने और नवीनतम तकनीकी ज्ञान अर्जित करने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पॉवर कंपनी के भविष्य को बेहतर बनाने के लिये नवनियुक्त अधिकारी निर्धारित समयसीमा में कार्यों को गुणात्मक ढंग से पूर्ण करने संकल्पित रहें। इसी क्रम में डायरेक्टर श्री एच.आर. नरवरे ने प्रशिक्षुओं को शुभकामनायें दी।

कार्यक्रम में प्रशिक्षण संस्थान के मुख्य अभियंता श्री ए.के. तिर्की, विद्युत क्षेत्रीय कौशल परिषद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विनोद बिहारी, मुख्य प्रमाणक अधिकारी श्री पी.सी.जैन, श्री अरुण भटनागर विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता श्री के.के. पुराणिक ने तथा आभार प्रदर्शन अधीक्षण अभियंता श्रीमती मधुलिका मिंज ने किया।

## पॉवर कंपनी के "प्लानर 2020" का विमोचन





आफिसर्स क्लब डंगनिया परिसर में आयोजित नववर्ष मिलन समारोह में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनी के वर्ष 2020 के "एनवल प्लानर" का विमोचन कम्पनी अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र शुक्ला ने 06 जनवरी को किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नववर्ष 2020 में उपभोक्ता हित में और बेहतर सेवा देने पॉवर कंपनी प्रबंधन संकल्पित है। प्लानर विमोचन हेतु महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री एच.के. पाण्डेय ने प्रस्तुत किया।

नव प्लानर विमोचन समारोह में प्रबंध निदेशक (वितरण) श्री मोहम्मद कैसर अब्दुल हक, तत्कालीन प्रबंध निदेशक (जनरेशन) श्री राजेश वर्मा, डायरेक्टर श्री जीसी मुखर्जी, आदर्शिनी महिला मण्डल की अध्यक्षा श्रीमती अनिता शुक्ला ने भी अपनी मंगलकामनाओं की अभिव्यक्ति दी।

समारोह में एमडी श्री अब्दुल हक सहित कम्पनी के अधिकारियों कार्यपालक निदेशक श्री एम.एस. चौहान, डॉ. के.एस. छाबड़ा एवं परिवारजनों ने गीत-संगीत एवं हाऊजी की रोचक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में समय की पाबन्दी को बढ़ावा देने वाले प्रतिभागी श्रीमती वीणा ओक, श्रीमती नंदिनी भट्टाचार्य एवं श्री शशांक ढाबरे को चेयरमेन श्री शुक्ला ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा द्वारा किया गया। समारोह में अतिथियों का स्वागत श्री ए.पी. सिंह, डॉ. हेमंत सचदेवा, श्रीमती शालू पाण्डे, श्री पी.के. खरे, श्री आर.के. अवस्थी, डॉ. के.एस. छाबड़ा ने किया।

## पॉवर कम्पनी के मुख्य सुरक्षा सैनिक श्री शेषनारायण वर्मा का पद अंलकरण



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के सतर्कता एवं सुरक्षा विभाग में पदस्थ वरिष्ठ सुरक्षा सैनिक के पद पर कार्यरत श्री शेषनारायण वर्मा की पदोन्नति मुख्य सुरक्षा सैनिक के पद पर हुई है। नव पदोन्नित उपरांत श्री वर्मा को पॉवर कम्पनी मुख्यालय विद्युत सेवाभवन में मुख्य सुरक्षा अधिकारी कर्नल प्रदीप कुमार सिंह भदुरिया एवं सुरक्षा अधिकारी श्री आर.के. साहू ने पीपिंग आउट (पदालंकरण अनावरण) कर शुभकामनायें दी। इस अवसर पर सुरक्षा निरीक्षक श्री प्रभुशरण सिंह एवं श्री ए. मिन्ज सहित अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी।

# पॉवर कंपनी मुख्यालय में आनंद मेला





आदर्शिनी महिला मंडल छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कम्पनीज रायपुर द्वारा गणतंत्र दिवस की संध्या आनंद मेला का आयोजन किया गया। खेल मैदान डंगनिया में आयोजित मेला शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि चैयरमेन श्री शैलेन्द्र कुमार शुक्ला सहित प्रबंध निदेशक (ट्रांसमिशन) श्री अशोक कुमार, प्रबंध निदेशक (जनरेशन) श्री एन.के. बिजौरा की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर पूर्व प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा एवं मानव संसाधन के कार्यपालक निदेशक श्री एच.के. पाण्डेय भी विशिष्टजनों में शामिल थे। आदर्शिनी महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती अनिता शुक्ला ने कहा कि आनंद मेला का उदेश्य मनोरंजन के साथ साथ परमार्थ भी है। मेले से प्राप्त राशि का सदुपयोग जरूरतमंदों के सहायतार्थ करने की पवित्र मंशा निहित है।

मुख्य अतिथि श्री शुक्ला ने महिला मंडल द्वारा किये जा रहे कार्यों की सरहाना की तथा सामाजिक दृष्टि से इसे बहुपयोगी बताया। आनंदमेला में विविध मनोरंजक खेल, स्वादिष्ट व्यजंनों के साथ ही मठपुरैना से आये दृष्टिबाधित बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्तिपूर्ण गीत संगीत का आनंद मेला में पधारे दर्शनार्थियों ने लिया।

कार्यक्रम का संचालन आदर्शिनी महिला मंडल की सचिव श्रीमती अनिता शुक्ला ने किया। उपाध्यक्षा श्रीमती रानी कुमार, उपाध्यक्षा श्रीमती कल्याणी बिजौरा, सलाहकार श्रीमती आभा शुक्ला, सचिव श्रीमती अनिता नाहर जैन, सहसचिव श्रीमती सविता सचदेव, श्रीमती अनिता खन्ना, कोषाध्यक्ष श्रीमती ममता मिश्रा, श्रीमती सरोजिनी दुबे, ग्रुप लीडर श्रीमती सुषमा सिंह, श्रीमती दीपांजलि भालेराव, श्रीमती अनिता सिंग, श्रीमती वीना ओक, श्रीमती शोभा सक्सेना, श्रीमती आशा शर्मा, श्रीमती नीलम भादे का मेला संचालन में सराहनीय सहयोग रहा।

# गणतंत्र दिवस पर पॉवर कंपनी की रोचक झांकी प्रदर्शित

गणतंत्र दिवस पर राजधानी रायपुर के पुलिस ग्राउंड में आयोजित समारोह में छत्तीसगढ स्टेट पॉवर कम्पनी की ओर से प्रदर्शित झांकी को जन-जन ने सराहा। इसमें राज्य के सभी 19567 विद्युतीकृत ग्रामों के घरेलू उपभोक्ताओं हेतु 01 मार्च 2019 में लागू बिजली बिल हाफ योजना को प्रदर्शित किया गया, साथ ही इस योजना के लागू होने के बाद गरीब परिवारों के जीवन में आई खुशहाली संग जीवन स्तर में सुधान के स्वप्न को साकार होते दर्शाया गया। झांकी में छत्तीसगढ विद्युत पॉवर कम्पनीयों की विद्युत अधोसंरचनाओं की जानकारी एवं विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु लागू मोबाईल एप "मोर बिजली "को प्रदर्शित किया गया। झांकी के निर्माण में नोडल ऑफिस मुख्य अभियंता श्री आरए पाठक सहित अधीक्षण अभियंता सर्वश्री एके लखेरा, एके दुबे, कार्य. अभि. सर्वश्री मनोज वर्मा, देवकुमार साहू, आरके श्रीवास्तव आदि अधिकारियों की टीम ने भागीदारी दी।



# प्रबंध निदेशक श्री बिजौरा ने मडवा विद्युत संयंत्र की दूसरी यूनिट का किया निरीक्षण



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एनके बिजौरा 01 से 02 फरवरी तक अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस ) मड़वा प्रवास पर रहे। उनकी अगुवाई मुख्य अभियंता श्री आरके श्रीवास समेत अतिरिक्त मुख्य अभियंता सर्वश्री अरूण वर्मा, सुनील बिस्वास, टीएल देवांगन, राजाबाबू कोसरे और रजनीष जांगड़े द्वारा की गई। उन्होंने इस दौरान विद्युत संयंत्र की इकाई क्रमांक दो, डीएम प्लांट, वाटर रिजरवायर, एमसीआर और प्रशासनिक भवन के निर्माण का निरीक्षण किया। विभागीय अस्पताल परिसर में प्रबंध निदेशक द्वारा पौधरोपण किया गया। इसके बाद संयंत्र के सभाकक्ष में प्रबंध निदेशक श्री बिजौरा द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर प्रबंध निदेशक श्री बिजौरा ने कहा कि विद्युत संयंत्रों के बेहतर संचालन के लिए सभी एकजुटता के साथ कार्य करें। उन्होंने तकनीकी अधिकारियों को नॉलेज शेयरिंग पर खास ध्यान देने की बात कही। प्रबंध निदेशक के प्रवास के दौरान विभिन्न वृत्तों के सभी अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता एवं प्रमुख अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पॉवर कंपनी में अंतरक्षेत्रीय ब्रीज स्पर्धा में मुख्यालय की टीम विजेता



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज में केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद रायपुर क्षेत्र के तत्वावधान में आयोजित अंतरक्षेत्रीय ब्रीज स्पर्धा का समापन एवं पुरस्कार वितरण का समारोह दिनांक 22 फरवरी को सोल्लास सम्पन्न हुआ। उक्त स्पर्धा में पॉवर कम्पनीज के विभिन्न क्षेत्रीय मुख्यालय के खिलाड़ी शामिल हुये जिसमें विद्युत सेवा भवन मुख्यालय की टीम विजेता, रायपुर क्षेत्र की टीम उपविजेता रही।

विजयी खिलाड़ियों को प्रबंध निदेशक उत्पादन श्री एन.के. बिजोरा ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव, कार्यपालक निदेशक वित्त एम.एस. चौहान ने भी विजयी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विजयी टीम के खिलाड़ियों में सर्वश्री एस.के. कटियार, ए.व्ही. कुलकर्णी, विमल मिश्रा, डी.के. तुली, हेमंत सचदेवा, आर.के. आजाद तथा उपविजेता टीम की खिलाड़ियों ने सर्वश्री हरीश कुमार चौहान, संचार नाथ, पी.सी हीरा, ए.के. सिकदर शामिल थे।

# दक्षता सुधार एवं स्वास्थ्य प्रबंधन पर भिलाई में कार्यशाला

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी के कर्मशाला संभाग भिलाई-3 में 'दक्षता सुधार एवं स्वास्थ्य प्रबंधन' विषय पर 26 फरवरी 2020 को एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान गुढ़ियारी के कार्यपालन अभियंता श्री सीताराम साहू ने प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति द्वारा विभिन्न रोगों का इलाज तथा रोगों की रोकथाम में योग प्राणायाम एवं विपश्यना ध्यान पद्धति के बारे में विस्तार से बताया। इसमें अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री अशोक कुमार वर्मा, प्रशिक्षक श्री सीताराम साहू, वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री केबीएल चौकसे का सम्मान शाल व श्रीफल से किया गया।

श्री साहू ने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति समाज और राष्ट्र के लिए संपदा होते हैं। जब हम प्रकृति से जुड़कर जीते हैं तो स्वस्थ और प्रसन्न रहते हैं। हमारी शारीरिक और मानसिक कार्यक्षमता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि हमें अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग-प्राणायाम नियमित करना चाहिए क्योंकि उपचार से बेहतर रोकथाम होता है। इस मौके पर कार्यपालन अभियंता सुनील कुमार चौहान, श्रीमती भावनानी व श्री गजपाल सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# ट्रांसमिशन कंपनी से सेवानिवृत्तजनों की भावभीनी विदाई

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी से 31 जनवरी 2020 को सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता श्री माताबदल यादव सहित सर्वश्री चैतुराम यादव, कमलकांत क्षत्रिय, नंदकुमार वर्मा, जगदीश प्रसाद साहू, जयमती तेलगा, अशोक कुमार रेगड़े, डेलचंद उरकुड़े एवं खिलावन प्रसाद गभेल को कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अशोक कुमार ने प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर उनके सपरिवार उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री एमएस चौहान, श्री पी.के. गुप्ता, श्री ओ.पी. सिंह, श्री ए.एम. अंसारी, जे.एस. भाटिया, मुख्य अभियंता आर.के. शुक्ला, एस.डी. तैलंग, आई.एल. देवांगन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। आभार प्रदर्शन मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) श्री पी.सी. पारधी ने किया व कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रकाशन अधिकारी गोविन्द पटेल ने किया।

# पावर कंपनी में तीन दिवसीय लॉन टेनिस स्पर्धा संपन्न



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद रायपुर क्षेत्र के तत्वावधान में 15 से 17 फरवरी तक आयोजित अंतरक्षेत्रीय लॉन टेनिस स्पर्धा में रायपुर रीजन की टीम विजेता तथा कोरबा पूर्व की टीम को उपविजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ। स्पर्धा में चेयरमेन श्री शैलेन्द्र शुक्ला ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति के भीतर कोई न कोई हुनर होता है, जरूरत उसे निखारने की होती है। अपने हुनर से स्वयं का व्यक्तित्व निखारते हैं, वहीं दूसरों को प्रेरित भी करते हैं। खेल हर व्यक्ति को तनाव से मुक्त करता है।

पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री मोहम्मद अब्दुल कैसर हक ने की। उन्होंने विजयी खिलाड़ियों को बधाई दी एवं पराजित प्रतिभागियों को बेहतर प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया। लॉन टेनिस के टीम इवेन्ट में रायपुर क्षेत्र के सर्वश्री आर.के. बंछोर, सतीश शर्मा, एहतेशाम उल हक, पवन ओगले और टी.के. दिल्लीवार ने शानदार खेल का परिचय देते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई। उपविजेता टीम कोरबा पूर्व के श्री शशिकांत सोनपुरे और श्री बी.के. साव ने भी उम्दा खेल का प्रदर्शन किया। ओपन डबल्स में श्री आर.के. बंछोर व सतीश शर्मा विजता रहे तथा बी.के. साव एवं एस सोनपुरे उपविजेता रहे। ओपन सिंगल में दुर्ग क्षेत्र के रजनीश ओबेराय विजेता और हर्षल विश्वकर्मा कोरबा उपविजेता रहे। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री एम.एस. चौहान, श्री कैलाश नारनवरे, श्री के.एस. मनोठिया, मुख्य अभियंता श्री आर.ए. पाठक, आर.के. बंछोर सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री शंकर नायडू ने किया।

# होल्डिंग कंपनी के मानव संसाधन विभाग में विदाई समारोह

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी के मानव संसाधन विभाग से 31 जनवरी 2020 को सेवानिवृत्त हुये अनुभाग अधिकारी श्री विभाष चन्द सरखेल को भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में कार्यपालक निदेशक श्री हरीश पाण्डेय ने उन्हें कंपनी की ओर से देय प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर उनके सपरिवार उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विभागीय परीक्षा से उच्च पद हेतु अस्सिटेंट मैनेजर के पद पर चयनित सर्वश्री कन्हैया लाल देवांगन, नरसिंह कुमार साहू एवं रूपेश कुमार नाग को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त महाप्रबंधक श्री एके सतसंगी, श्री जितेन्द्र मेहता, श्री कर्नल प्रदीप भदुरिया, श्री एसके शर्मा, केएस भारती, कॉन्फिडेंशियल ऑफिसर श्री एसके तिवारी ने सेवानिवृत्त



अधिकारी को शुभकामनायें दी। इस अवसर पर डीजीएम डॉ. अल्पना शरत तिवारी ने कहा कि दीर्घ अनुभवी श्री सरखेल जी का बड़ा योगदान अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों में रहा है। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा ने किया।

# विद्युत कर्मियों ने बलिदानी सपूतों को दी श्रद्धांजलि



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी मुख्यालय विद्युत सेवाभवन प्रागंण में अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देने सभा का आयोजन 30 जनवरी को किया गया। इसमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित देश के बलिदानी सपूतों का स्मरण कर नमन किया गया। सभा में पॉवर कंपनीज के प्रबंध निदेशक (ट्रांसमिशन) श्री अशोक कुमार, प्रबंध निदेशक (जनरेशन) श्री एन.के. बिजौरा, कार्यपालक निदेशक श्री एच.के. पाण्डेय सहित अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कंपनी के अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री विजय मिश्रा ने शहीद दिवस के आयोजन के उद्देश्य को व्यक्त करते हुये स्वतंत्रता संग्राम में देश एवं छत्तीसगढ़ के बलिदानी सपूतों के महान कार्यों पर प्रकाश डाला। श्रद्धांजलि सभा का संयोजन होल्डिंग कंपनी के कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) श्री एच.के. पाण्डेय के मार्गदर्शन में वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री अतुल तिवारी ने किया।

# दुर्ग में लैंगिक उत्पीड़न के निराकरण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न



दुर्ग क्षेत्र के क्षेत्रीय मुख्यालय के सभाकक्ष में कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न संबंधी शिकायतों के निराकरण विषय पर 08 जनवरी 2020 को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आंतरिक शिकायत समिति की पीठासीन अधिकारी श्रीमती सनिली चौहान, संयोजिका श्रीमती दुर्गेश नंदिनी, विशेष आमंत्रित सदस्य श्रीमती संध्या खिचरिया(अध्यक्ष, जीवन ज्योति महिला सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था), सदस्य श्रीमती सुजाता जयन एवं रष्मि शर्मा, समिति की पूर्व सदस्य श्रीमती माणिक वर्मा एवं सेवानिवृत्त कल्याण अधिकारी श्री दीनानाथ वर्मा द्वारा महिलाओं के अधिकारों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

कार्यशाला में समिति के सदस्यों ने बताया कि भारत शासन द्वारा महिलाओं पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिशेध और प्रतितोष अधिनियम 2013) बनाया गया है, जो कि 09 दिसंबर 2013 से प्रभावशील है। उन्होंने आयोजित एक दिवसीय जागरुकता कार्यशाला में अधिनियम के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा महिलाओं को अपने अधिकारों के रक्षा के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर दुर्ग क्षेत्र के सहायक प्रकाशन अधिकारी श्रीमती माया चन्द्राकर सहित कार्यपालक निदेशक कार्यालय, वरिष्ठ लेखाधिकारी कार्यालय एवं वृत्त कार्यालय की समस्त महिला कर्मचारी उपस्थित हुए।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर विद्युत कर्मियों ने ली शपथ

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी मुख्यालय विद्युत सेवाभवन के परिसर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ कार्यक्रम का आयोजन 25 जनवरी को किया गया। समारोह में ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अशोक कुमार के साथ डायरेक्टर श्री जी.सी. मुखर्जी, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) श्री एच.के. पाण्डेय एवं अन्य उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों ने लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था को व्यक्त किया। होल्डिंग कंपनी के ईडी श्री पाण्डेय ने शपथ पत्र का वाचन किया, जिसे उपस्थितजनों ने निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्य रखते हुये धर्म, जाति या अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुये बिना अपने मताधिकार का उपयोग करने दोहराया। कार्यक्रम का संचालन करते हुये उपमहाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध) श्री जी खण्डेलवाल ने लोकतांत्रिक परंपराओं में मतदाता के महत्व को व्यक्त किया।



## राजनांदगांव क्षेत्र में स्वागत कार्यक्रम

राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल का स्थानांतरण दुर्ग क्षेत्र में होने पर भावभीनी विदाई एवं नवपदस्थ मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम के पदभार ग्रहण करने पर स्वागत कार्यक्रम का आयोजन 22 जनवरी को किया गया। इस अवसर पर श्री पटेल ने अपने कार्यकाल के दौरान हुई प्रगति का श्रेय टीमवर्क को दिया। इसी क्रम में नवागत मुख्य अभियंता श्री मेश्राम ने राजनांदगांव क्षेत्र में विद्युत विकास की गति को सतत् बनाये रखने का आव्हान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री आर.के. मिंज, अधीक्षण अभियंता श्री तरुण कुमार ठाकुर,



कार्यपालन अभियंता श्री व्ही.आर.के. मुर्ति ने दोनों अधिकारियों के सफल कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं दी।

## कंपनी मुख्यालय में विपश्यना पर कार्यशाला का आयोजन

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी में विपश्यना पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सेवा भवन स्थित सभागार में 09 जनवरी को किया गया। आचार्य डॉ. सीताराम साहू ने बताया कि विपश्यना आत्मदर्शन की साधना है। इससे मन को निर्मल करते हैं। प्रकृति के अनुकूल जीने से जीवन में सुख शांति बनी रहती है। विपश्यना करने से मन की एकाग्रता बढ़ती है। चित्त प्रसन्न रहता है। मन विकारों से मुक्त होता है। मनुष्य व्यसन के आदत से मुक्त होता है।

कार्यशाला में धम्मकेतु विपश्यना ध्यान केंद्र के अध्यक्ष श्री सदाराम अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों को जीने की कला नामक



पुस्तक भेंट की। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष सर्वश्री आर पी सैनी, आचार्य सुरेश बंग, अनिरुद्ध कोचे, आलोक साहू सहित पावर कंपनी के कार्यपालक निदेशक (भार प्रेषण) श्री के.एस. मनोठिया, अति. मुख्य अभियंता श्री पी.के. अग्रवाल, अति. मुख्य अभियंता श्रीमती शारदा सोनवानी, डीजीएम (आईआर) श्री गोपाल खंडेलवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री के.बी.एल. चौकसे ने किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रकाशन अधिकारी श्री विकास शर्मा ने किया।

## पॉवर कंपनीज में गणतंत्र दिवस खेल सप्ताह



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनीज में गणतंत्र दिवस खेल सप्ताह का सोल्लास आयोजन किया गया। 20 जनवरी को इसका उद्घाटन छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के चेयरमेन श्री शैलेन्द्र शुक्ला, एमडी जनरेशन श्री एन.के. बिजौरा तथा केन्द्रीय कीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव-कार्यपालक निदेशक (वित्त) श्री एम.एस.चौहान ने किया। इस अवसर पर चेयरमेन श्री शुक्ला ने कहा कि खेल मैदान में "स्पोर्ट्समेन स्पिरिट" की भावना जन्म लेती है जो कि जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का हौसला देती है। आगे एमडी श्री बिजौरा ने कहा कि खेल स्पर्धा कार्य के प्रति सम्पूर्ण समर्पण-दक्षता एवं टीम वर्क के लिये प्रेरित करती है।

क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव श्री चौहान ने खेल प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। खेल सप्ताह के शुभारंभ समारोह का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा ने किया। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत सर्वश्री के.एस. मनोठिया, आर.ए. वर्मा, सी.एल. नेताम, डॉ. एच.एल. पंचारी, डॉ. के.एस. छाबड़ा, डॉ. हेमन्त सचदेवा, डॉ. स्वाति तिवारी ने किया। क्रिकेट स्पर्धा का आंखों देखा हाल अनुभाग अधिकारी श्री अरुण देवांगन ने रोचकता के साथ प्रस्तुत किया।

## दुर्ग में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन



दुर्ग क्षेत्रीय मुख्यालय में गणतंत्र दिवस पर कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने ध्वजारोहण उपरांत देश के महान सपूतों को नमन करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले छह कर्मचारियों सर्वश्री निर्मल कुमार कुर्रे, ए.के. गंजीर, राज कुमार सिंह, फत्ते सिंह राजपूत, नंद कुमार लोधी एवं दिनेश कुमार साहू को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, नगद 05 हजार रुपए एवं रजत मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।

समारोह में सम्मानित होने वाले सभी कर्मचारियों को कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री विकास कुमार गुप्ता, अधीक्षण अभियंता द्वय श्री एस.आर. बांधे एवं श्री व्ही.आर. मौर्या, कार्यपालन अभियंता द्वय श्री एस.एस. बघेल एवं श्रीमती सनीली चौहान, वरिष्ठ लेखाधिकारी श्री वाय. कोसरिया एवं विभाग के अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन श्री आर.के. शर्मा द्वारा किया गया।

## गणतंत्र दिवस पर राजनांदगांव में ध्वजारोहण



राजनांदगांव के क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन में गणतंत्र दिवस पर मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम ने ध्वजारोहण कर देश के बलिदानी सपूतों का स्मरण किया। उन्होंने इस अवसर पर विद्युत विकास पथ पर अनवरत् आगे बढ़ने का आह्वान किया। साथ ही उत्कृष्ट कर्मियों को पुरस्कृत कर बधाई दी। पुरस्कृतजनों में शामिल सर्वश्री संतोष साहू, नंदलाल पटेल गजेन्द्र कुमार गेन्डे, प्रहलाद यादव, राकेश कुमार साहू एवं लालजी प्रसाद चौधरी को प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान कर उन्होंने सम्मानित किया। समारोह में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री आर.के. मिंज, अधीक्षण अभियंता श्री तरुण कुमार ठाकुर, कार्यपालन अभियंता, श्री एस. आर. गुर्जर, श्री ए.के. बिजौरा, सुश्री गीता ठाकुर, श्री डी.पी. बरुवा सहित बड़ी संख्या में अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कल्याण अधिकारी श्री अशोक पिल्लई ने किया।



## बिलासपुर में गणतंत्र दिवस का आयोजन

बिलासपुर में गणतंत्र दिवस पर्व पर कार्यपालक निदेशक श्री भीम सिंह कंवर ने ध्वजारोहण कर समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्यों के लिए सर्वश्री नरेश कुमार देवांगन, सत्यप्रकाश गांधी गुप्ता, अजय कुमार गुप्ता, सुखनाथ राम पटेल, मनोज कुमार यादव एवं इतवार सिंह को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अभियंता आई.एल. देवांगन अति. मुख्य अभियंता जॉन मोहम्मद अधीक्षण अभियंता पी.के. कश्यप, श्रीमती कल्पना घाटे सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# एचटीपीपी में उत्साह से मना 71वां गणतंत्र दिवस



हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम के संयंत्र परिसर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अभियंता श्री एस.के. मेहता ने देश के बलिदानी सपूतों को नमन करते हुए ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि हमारे विस्तार संयंत्र 500 मेगावाट की इकाई क्रमांक 05 ने कैलेंडर वर्ष 2019 में 91.89 प्रतिशत पीएलएफ. के साथ 4024.740 मिलियन यूनिट विद्युत का उत्पादन किया है। 210 मेगावाट की इकाई क्रमांक 02 ने सबसे अधिक 77.40 प्रतिशत पीएलएफ के साथ 1423.9288 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया है। यह वर्ष 2018 के उत्पादन के मुकाबले 85.3478 मिलियन यूनिट ज्यादा है। इसके अलावा 210 मेगावाट की इकाइयों में ईटीपी (इफ्लूयेंट ट्रीटमेंट प्लांट) की स्थापना 12 सितंबर 2019 से होने के बाद नियमित रूप से संचालन में है। 210 मेगावाट की चारों इकाइयों में डीएम वाटर की खपत में भी 1.10 प्रतिशत की कमी आई है।

श्री मेहता ने 89 तकनीकी अधिकारी और कर्मचारियों सहित उत्तम कार्य निष्पादन के लिए सहायक अभियंता चंदन कुमार एवं विरेंद्र कुमार को पारितोषिक, प्रशस्ति पत्र एवं पदक से सम्मानित किया। समारोह में अतिरिक्त मुख्य अभियंता सर्वश्री बीडी बघेल, सुनील नायक, पंकज कोले, संदीप श्रीवास्तव, राजू लहरी, बीआर भगत समेत बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। समारोह का संयोजन व संचालन वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री पी.आर. खूंटे द्वारा किया गया।

# अटल बिहारी ताप विद्युत गृह में गणतंत्र दिवस



अटल बिहारी ताप विद्युत गृह के संयंत्र परिसर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अभियंता श्री आरके श्रीवास ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने देश के महानायकों के उच्च आदर्शों से प्रेरित होकर राष्ट्रीय व्यवस्था को और अधिक लोकोपयोगी बनाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि हमारे विद्युत संयंत्र के सीएचपी विभाग द्वारा कोयला अनलोडिंग समय को ध्यान में रखते हुए रेलवे वैगन ट्रैक को केवल 25 मिनट में खाली कर कीर्तिमान बनाया है। इसी तरह भूमि विस्थापितों को सेवा में नियमितिकरण तथा सीएसआर मद से जनहित में अनेक कार्य किये गये। इस मद में परियोजना शुरू होने से लेकर अभी तक 965.78 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। समारोह में सीएसआर पर ही आधारित विद्युत संयंत्र की ओर से झांकी प्रदर्शन किया गया जिसमें अभी तक कराए गए कार्यों का विवरण समाहित रहा।

उत्तम कार्य निष्पादन के लिए सहायक अभियंता आरजी देवांगन, राजीव सुकतेल, दिनेश मेश्राम व कनिष्ठ अभियंता बालेंदु सिरसांत और कार्यालय सहायक मृगेंद्र सिंह सहित 17 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं पदक से संयंत्र परिसर में सम्मानित किया गया।

समारोह में अतिरिक्त मुख्य अभियंता सर्वश्री अरुण वर्मा, टीएल देवांगन, राजाबाबू कोसरे, रजनीश जांगड़े और मुख्य रसायनज्ञ आरके तिवारी समेत बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। समारोह का संयोजन व संचालन कल्याण अधिकारी (प्रशिक्षु) आरएस टेकाम द्वारा किया गया।

## जगदलपुर क्षेत्र में गणतंत्र दिवस समारोह



जगदलपुर क्षेत्र में गणतंत्र दिवस 2020 के अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री जे एस नेताम ने देश के महान सपूतों के नमन करते हुए ध्वजारोहण किया। श्री नेताम ने गणतंत्र दिवस पर अधिकारियों-कर्मचारियों को पॉवर कंपनी द्वारा निर्धारित लक्ष्य एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति हेतु दृढ संकल्पित होकर पूर्ण निष्ठा एवं लगन के साथ कार्य संपादन का आव्हान किया। इस अवसर पर उन्होंनें उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया। समारोह में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री आर के मिश्रा, अधीक्षण अभियंता श्री आर के ठाकुर, कार्यपालन अभियंता सर्वश्री एन के पोयाम, पी एन सिंह, के के दीवान, एस के चन्द्राकर सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## आदर्शिनी महिला मंडल द्वारा कैंसर पर जागरूकता कार्यक्रम

आदर्शिनी महिला मंडल द्वारा स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता हेतु 14 फरवरी को डंगनिया स्थित सभाकक्ष में कैंसर पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कैंसर विशेषज्ञों द्वारा महिलाओं में स्तन कैंसर और गर्भाशय कैंसर के प्रति जागरुकता पर व्याख्यान दिया गया। कैंसर विशेषज्ञ डॉ. माउ ए रॉय ने कैंसर के कारण, पहचान और रोकथाम पर सचित्र सरलतापूर्वक प्रकाश डाला गया। आदर्शिनी



महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती अनिता शुक्ला ने डॉ रॉय को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर महिला मंडल की पदाधिकारियों, सदस्यों ने कैंसर विशेषज्ञ से सवाल जवाब कर अपनी शंकाओं का समाधान किया।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह से सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी सम्मानित




डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह से माह दिसंबर 2019 एवं जनवरी 2020 में सेवानिवृत हुए सर्वश्री एल.एस. मंडलोई, हेमंत चिट्नीस, उमेश ठाकुर, गजानंद, कृष्ण, जोहन तिर्की, पंच राम साहू, घनश्याम प्रसाद पटेल एवं राजेश वर्मा को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यपालक निदेशक श्री सी.एल.नेताम, कारखाना प्रबंधक श्री एच.एन.कोसरिया, अति. मुख्य अभियंता सर्वश्री आलोक लकरा, श्रीमती स्नेह लता एक्का, श्रीमती अंजना कुजूर, रजनीश जैन अधीक्षण अभियंता श्री सत्येन्द्र सिंह द्वारा सेवानिवृत्ति अधिकारियों/कर्मचारियों का



पुष्पगुच्छ, प्रशस्ति पत्र, कलाई घड़ी, एवं मिष्ठान प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री नेताम ने कहा कि सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों का संयंत्र के विकास में दिया गया योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त हो रहे कर्मी अपने कार्य के प्रति हमेशा समर्पित रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन श्री एस.के. डेविड एवं श्री एस.पी. बारले, वरि. कल्याण अधिकारी एवं आभार प्रदर्शन श्री आर.पी. टंडन, अधीक्षण अभियंता (संरक्षा) ने किया।

# दुर्ग में विद्युत कर्मियों की भावभीनी विदाई



दुर्ग क्षेत्र से माह जनवरी 2020 में सेवानिवृत्त हुए सर्वश्री घनश्याम सिंह देशमुख, शंकर लाल किशन, सुख राम वर्मा एवं श्री उमर सिंह साहू को कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं प्रमाणपत्र भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्तजनों के सुखद भविष्य की कामना करते हुए उन्होंने कहा कि अनुभव ज्ञान से सदा ही बड़ा होता है। सेवानिवृतजनों का ज्ञान और अनुभव हमारे लिए हमेशा प्रेरणास्रोत बने रहेंगे।

इसी क्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री विकास कुमार गुप्ता, अधीक्षण अभियंता श्री व्ही.आर. मौर्या ने भी सेवानिवृत्तजनों को स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। विदाई समारोह में कार्यपालन अभियंता श्री जगन्नाथ प्रसाद एवं श्रीमती सनीली चौहान तथा वरिष्ठ लेखाधिकारी श्री वाय.कोसरिया ने सेवानिवृत्तजनों के कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए उनके सुखमय एवं शांतिपूर्ण जीवन की कामना की। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन प्रशासनिक अधिकारी श्री यू.सी.त्रिपाठी एवं संचालन श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा ने किया।

दुर्ग क्षेत्र से माह दिसंबर 2019 में सेवानिवृत्त हुए सर्वश्री सुरेन्द्र कुमार चन्द्राकर, श्री छगन लाल बंछोर, श्री मनहरण लाल ध्रुव, श्री साहेब खान एवं श्री दरस राम साहू, श्री अत्ताउल्लाह अंसारी, श्री रूप राम साहू, श्री कौशल प्रसाद चौबे एवं श्री राधेश्याम साहू को अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री विकास कुमार गुप्ता ने सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी। उन्होंने शॉल, श्रीफल एवं प्रमाणपत्र भेंट कर सेवानिवृत्तजनों के सुखमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम मे अधीक्षण अभियंता श्री व्ही.आर.मौर्या, कार्यपालन अभियंता श्री ओ.पी. भारद्वाज एवं वरिष्ठ लेखाधिकारी श्री वाय. कोसरिया ने सेवानिवृत्तजनों के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा एवं आभार प्रदर्शन कार्यपालन अभियंता श्रीमती सनीली चौहान ने किया।



# दुर्ग क्षेत्र में "सेफ्टी परेड" का आयोजन

दुर्ग क्षेत्र के रिसाली, चरोदा सुपेला, बेमेतरा, साजा एवं भिलाई पश्चिम के कोहका जोन में विद्युत दुर्घटना से बचाव एवं उसके उपायों की जानकारी देने हेतु विद्युत कर्मियों के लिए 06, 17 एवं 31 जनवरी 2020 को "सेफ्टी परेड" का आयोजन किया गया जिसमें अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री विकास कुमार गुप्ता, अधीक्षण अभियंता श्री एस.आर. बांधे एवं कार्यपालन अभियंता श्री आर.के.चन्द्राकर के द्वारा तकनीकी एवं ठेका कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों के साथ काम करने की सीख-हिदायत दी। उन्होंने कहा सुरक्षा का मूलमंत्र है, कि एक सेफ्टी जोन बनाकर कार्य करना चाहिए। सुरक्षा उपकरणों का उपयोग एवं नियमों का कड़ाई से पालन करके दुर्घटना से बच सकते हैं।

आगे उन्होंने कहा कि सुरक्षा उपकरणों की नियमित तौर से जांच करें और खराब होने पर तत्काल उन्हें बदलें। सुरक्षा उपकरण जैसे डिस्चार्ज राड, सेफटी बेल्ट, हेलमेट, दस्तानों आदि के सुरक्षात्मक उपयोग के बारे में विस्तार से बताते हुए कर्मचारियों के द्वारा किस प्रकार इनका उपयोग करना है इनको प्रायोगिक तौर से दिखाया गया। कार्यक्रम के दौरान तकनीकी कर्मचारियों द्वारा भी अपने सुरक्षा संबंधित अनुभव एवं कार्य के दौरान आने वाले परेशानियों को भी साझा किया गया। कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता श्री आर.के. चन्द्राकर, सहायक अभियंता श्री आर.के. दानी, कनिष्ठ यंत्री श्रीमती मोनिका नायर सहित समस्त लाइन कर्मचारी, एफओसी स्टाफ, सबस्टेशन ऑपरेटर तथा समस्त ठेका कर्मचारी उपस्थित हुए।

# बिलासपुर ने मनाया शहीद दिवस

प्रशासनिक भवन प्रांगण तिफरा, बिलासपुर में अमर शहीदों की स्मृति में कंपनी के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शहीद दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (बि.क्षे.) श्री भीम सिंह कंवर, कार्यपालन अभियंता आर.के. कश्यप, सी.एम. बाजपेयी, प्रशासनिक अधिकारी अनूप भट्टाचार्य व सहायक प्रकाशन अधिकारी मुकेश माथुर एवं कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# बिलासपुर में 11 कर्मियों की भावभीनी विदाई



बिलासपुर में माह दिसम्बर 2019 एवं जनवरी 2020 में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी सर्वश्री शैलेष अवस्थी, हर प्रसाद साहू, अशोक कुमार कश्यप, सुन्दर तिर्की, लक्ष्मी भूषण तिवारी, जगत राम उइके, नरोत्तम, रामबिहारी साहू, रामकुमार श्रीवास, रामेश्वर एवं मुखीराम साहू को कार्यपालक निदेशक श्री भीम सिंह ने स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी। सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने भी विद्युत कंपनी से मिले सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया। विदाई समारोह में अधीक्षण यंत्री पी.के. कश्यप, पी.वी. सजीव वरिष्ठ विधि अधिकारी बृजेन्द्र सिंह, कार्यपालन अभियंता आर.के. कश्यप, अमर चौधरी, बी.बी.नेताम, एन.के. राय, वरिष्ठ लेखाधिकारी के.एल. मरकाम, प्रशासनिक अधिकारी अनूप भट्टाचार्य सहित बडी संख्या में अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।



# कोरबा पूर्व में टेबल टेनिस प्रतियोगिता सम्पन्न



कोरबा पूर्व में आयोजित अंतक्षेत्रीय टेबल टेनिस स्पर्धा में रायपुर सेन्ट्रल की टीम ने टीम चैम्पियनशीप ट्राफी पर कब्जा किया एवं कोरबा पूर्व की टीम को उपविजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ। रायपुर सेन्ट्रल की टीम से श्री विमल मिश्रा, अनुराग शर्मा, राजीव झा एवं सागर पिंप्लापुरे ने तथा कोरबा पूर्व टीम से श्री ए.एस.तोमर, पी.व्ही.रमन, टी.पी.सिंह, सुशांत कटकवार, प्रवेश पाठक, श्रीमती श्रद्धा पिल्लई एवं संध्यारानी एवं मैनेजर शशिभूषण साहू ने प्रतिनिधित्व किया। पुरूष एकल में रायपुर सेन्ट्रल के श्री अनुराग शर्मा विजेता एवं दुर्ग के रजनीश ओबेराय ने उपविजेता तथा डबल्स में विमल मिश्रा एवं रजीनीश ओबेराय की जोड़ी ने विजेता तथा योगेश प्रधान व अनुराग शर्मा की जोड़ी ने उपविजेता का खिताब जीता। महिला वर्ग एकल में रायपुर सेन्ट्रल की श्रद्धा वर्मा विजेता एवं दुर्ग क्षेत्र की शोभना सिंह उपविजेता रहीं। महिला डबल्स में रायपुर सेन्ट्रल की श्रद्धा वर्मा व नकिता जैन विजेता तथा बिलासपुर क्षेत्र की शिखा खांडे व निशा त्रिवेदी ने उपविजेता का खिताब जीता।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विद्युत उत्पादन कंपनी कोरबा पूर्व के मुख्य अभियंता श्री एस.के. बंजारा, मुख्य अभियंता (डीएसपीएम टीपीएस) श्री पीके जैन अति. मुख्य अभियंता एचएन कोसरिया ने विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी एवं अन्य पुरस्कारों से सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में श्री पार्थ देवघरिया, श्री सतीश सिंह, श्री अशोक श्रीवास, श्री अमित शर्मा, श्री आलोक गुहा एवं गजेन्द्र पवार ने निणार्यक की भूमिका अदा की। प्रतियोगिता का संचालन श्री एस.पी.बारले वरिष्ठ कल्याण अधिकारी एवं आभार प्रदर्शन सहायक अभियंता श्री ए.एस. तोमर ने किया।

# बिलासपुर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ

बिलासपुर क्षेत्र के तिफरा स्थित प्रशासनिक भवन प्रांगण में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री भीम सिंह कंवर ने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा के साथ मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। इसी तरह शहीद दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में देश के अमरशहीदों, बलिदानी सेनानियों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर, अधीक्षण अभियंता पी.के. कश्यप, वरिष्ठ विधि अधिकारी बृजेन्द्र सिंह, कार्यपालन अभियंता आर.के. कश्यप, सी.एम.बाजपेयी, पी.आर. साहू, सुरेश जांगड़े, अमर चौधरी एवं प्रशासनिक अधिकारी अनूप भट्टाचार्य व सहायक प्रकाशन अधिकारी मुकेश माथुर एवं कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## दुर्ग में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ



दुर्ग क्षेत्रीय मुख्यालय में 25 जनवरी 2020 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर लोकतंत्र के प्रति आस्था सहित मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री विकास कुमार गुप्ता द्वारा देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता श्री व्ही.आर. मौर्या, वरिष्ठ लेखाधिकारी श्री वाय. कोसरिया, सहायक अभियंता श्रीमती दुर्गेश नंदिनी देवांगन, प्रशासनिक अधिकारी श्री यू.सी. त्रिपाठी, अनुभाग अधिकारी श्री बी.एस. चंदेल, श्री ए.के.चटर्जी एवं ए.के. गंजीर सहित विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## हसदेव ताप विद्युत गृह में सेवानिवृतजनों की विदाई



हसदेव ताप विद्युत गृह से माह दिसंबर 2019 एवं जनवरी 2020 में सेवानिवृत्त हुए अधिकारी-कर्मचारी सर्वश्री एलपी मिश्रा, योगेंद्र पाल सिंह, राकेश कुमार कन्नौजे, प्रभुदान मिंज, कुरूविला चेरियन, श्याम लाल साहू, महेंद्र कुमार तिवारी, सदाराम रजक, कनपरती सुब्बैया, प्रमोद बोरवणकर, रैनलाल पाले, पुरुषोत्तम साहू, विकास कांति मजूमदार, श्याम कुमार पटेल, उमा शंकर सिंह, प्रयाग दत्त पटेल को पावर कंपनी की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। सेवानिवृतजनों को कार्यपालक निदेशक श्री पीपी मोडक, मुख्य अभियंता श्री एसके मेहता, अतिरिक्त मुख्य अभियंता सर्वश्री बीडी बघेल, एसके नायक, पंकज कोले, संदीप श्रीवास्तव, राजू लहरी, बीआर भगत द्वारा स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र भेंट कर उज्जवल व सुखमय जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कल्याण अधिकारी पीआर खूंटे द्वारा किया गया।

# कोरबा पश्चिम में आनंद मेला




हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में आयोजित आनंद मेला में संकल्प महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती अलका मोडक एवं श्रीमती मंजुला मेहता समेत सभी पदाधिकारियों द्वारा तत्कालीन प्रबंध निदेशक राजेश वर्मा एवं श्रीमती अंजली वर्मा को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

मेले में आकर्षण 16 स्टालों पर सजाए गए विभिन्न प्रकार के छत्तीसगढ़ी व्यंजन रहे। महिला मंडल की पदाधिकारी एवं सदस्याएं भी छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में सजी-संवरी रहीं। विशिष्ट अतिथियों में कार्यपालक निदेशक पीपी मोडक, एचटीपीएस के मुख्य अभियंता एसके मेहता, एबीवीटीपीएस मड़वा के मुख्य अभियंता आरके श्रीवास, कोरबा पूर्व पीजीटीआई के मुख्य अभियंता एसके बंजारा समेत अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसपी चेलकर, सुनील विस्वास, बीडी बघेल, एसके नायक, पंकज कोले, संदीप श्रीवास्तव, राजू लहरी, बीआर भगत, कोरबा पूर्व से अतिरिक्त मुख्य अभियंता एचएन कोसरिया प्रमुख, रजनीश जैन, एचके गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। संकल्प महिला मंडल की उपाध्यक्षगण सोनिया बघेल, वंदना कोले, सीमा नायक, सपना लहरी, ममता टिकरिहा एवं अनिता श्रीवास्तव समेत कार्यकारिणी सदस्यों ने आनंद मेला को सफल बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी दी।

# अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह में आनंद मेला



अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह के सीनियर क्लब की आकृति महिला मंडल द्वारा 01 फरवरी को आनंद मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रबंध निदेशक श्री एनके बिजौरा एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कल्याणी बिजौरा रहीं। आनंद मेला में आकृति महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती रेखा श्रीवास एवं पदाधिकारियों द्वारा प्रबंध निदेशक एवं अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि मुख्य अभियंता श्री आरके श्रीवास, अतिरिक्त मुख्य अभियंता सर्वश्री अरूण वर्मा, सुनील विस्वास, टीएल देवांगन, रजनीष जांगड़े और राजाबाबू कोसरे की गरिमामयी उपस्थिति रही।

आनंद मेला में विभिन्न पकवानों के 12 स्टाल लगाए गए थे, साथ ही मनोरंजन के लिए खेल का भी आयोजन रखा गया था। प्रबंध निदेशक महोदय द्वारा स्टालों पर जाकर व्यंजनों का स्वाद लिया गया। उन्होंने महिला मंडल के इस आयोजन की भरपूर सराहना करते हुए व्यंजनों के स्वाद की तारीफ की। आनंद मेला में उपाध्यक्षगण श्रीमती किरण वर्मा, श्रीमती नीना विस्वास, श्रीमती मंजुला देवांगन, श्रीमती सुनीता जांगड़े, श्रीमती लता कोसरे, नीना तिवारी, सचिव श्रीमती अनिता द्विवेदी, सहसचिव सुमन ठाकुर, कोषाध्यक्ष वर्षा धोपेस्वर, खेल सचिव मंजुला श्रीवास्तव, सांस्कृतिक सचिव दिव्या पिल्लोदा द्वारा मेले की व्यवस्था को संभाला गया।

# अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह में पल्स पोलियो अभियान



अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह के विभागीय अस्पताल में भारत सरकार के राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 167 नौनिहालों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई गई। 19 जनवरी को आयोजित इस कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता रामजी सिंह द्वारा नौनिहालों को पल्स पोलियो की दवा पिलाकर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. कल्पदीप देब द्वारा किया गया। इस कार्य में ममता साहू, सुनीता साहू, तोमेष्वरी खूंटे, कु. शैल बाला, अनीता दीवान, आकाश राठौर, प्रीति राठौर, आकाश साहू का प्रमुख रूप से सहयोग रहा।

# राष्ट्रीय शक्तितोलन स्पर्धा में बलराम वस्त्रकार ने हासिल किया रजत पदक

अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा में पदस्थ सुरक्षा निरीक्षक एवं खिलाड़ी बलराम वस्त्रकार ने अखिल भारतीय विद्युत मंडलीय शक्तितोलन प्रतियोगिता में 66 किग्रा. भार वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया। संयंत्र स्थित सभागृह में ओआरटी के दौरान प्रभारी कार्यपालक निदेशक सुनील विस्वास एवं अति. मुख्य अभियंता अरुण वर्मा के हाथों श्री वस्त्रकार को सम्मानित किया गया।

पंजाब के पटियाला में आयोजित अखिल भारतीय विद्युत मंडलीय शक्तितोलन एवं शरीर शौष्ठव स्पर्धा में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी की ओर से 59 किग्रा. से 120 किग्रा. भार वर्ग के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। बलराम वस्त्रकार ने 66 किग्रा. भार वर्ग से शक्तितोलन में हिस्सा लेते हुए बैक स्क्वॉड में 180 किलोग्राम का वजन उठाया। बेंच प्रेस में 105 किग्रा. एवं डेड लिफ्ट में 190 किग्रा. वजन उठाकर प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान को प्राप्त किया। कर्नाटक के खिलाड़ी का स्कोर भी श्री वस्त्रकार के बराबर था लेकिन शारीरिक वजन के आधार पर कर्नाटक के खिलाड़ी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। श्री वस्त्रकार की सफलता पर अति. मुख्य अभियंता रजनीष जांगड़े एवं टीएल देवांगन, अधीक्षण अभियंता रामजी सिंह, नीरज वैष्य, सुरक्षा अधिकारी डोमनिक तिर्की, सुरक्षा निरीक्षक एलेक्जेंडर मिंज सहित सुरक्षा विभाग के सहयोगियों ने भी बधाई दी।



## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह में 'गणतंत्र दिवस' समारोह



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व में मुख्य अभियंता श्री पी.के. जैन ने देश के सपूतों को नमन करते हुए ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री जैन सहित कारखाना प्रबंधक श्री एच.एन. कोसरिया, श्री एच.के. गुप्ता, श्री आलोक लकरा, श्री रजनीश जैन एवं प्रेरणा महिला मंडल के पदाधिकारी श्रीमती निवेदिता बंजारा, श्रीमती शशी कोसरिया, श्रीमती कल्पना गुप्ता, श्रीमती ज्योति जैन, श्रीमती स्नेहलता एक्का, श्रीमती अंजना कुजुर, श्रीमती प्रतिमा दत्ता द्वारा रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़कर शांति के संदेश दिये गये।

समारोह में उपस्थितजनों को बधाई एवं शुभकामना देते हुए मुख्य अभियंता श्री जैन ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2018-19 में हमारे विद्युत गृह ने औसत पी.एल.एफ. 87.40% (ब्रेकिंग डाउन सहित 91.54%) के साथ 3828.136 मिलियन यूनिट उत्पादन किया। संयंत्र में न्यूनतम तेल खपत 0.238 डसध्की रहा, जो कि संयंत्र के कर्मचारियों-अधिकारियों की उत्कृष्ट कार्यदक्षता का पुख्ता प्रमाण है।

समारोह में सुरक्षा अधिकारी श्री आर.के. चौरे ने परेड का नेतृत्व किया। विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक एक की छात्राओं ने देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी। उत्तम कार्य निष्पादन के लिए कार्यपालन अभियंता श्री टी.के.शर्मा सहित 29 अधिकारियों/कर्मचारियों एवं 26 ठेका कर्मियों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। साथ ही संचालन एवं रसायन विभाग के तीन समूह को ग्रुप एवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री एस.पी. बारले द्वारा किया गया।

## कोरबा पूर्व में ध्वजारोहण



कोरबा पूर्व में हर्षोल्लास के साथ मुख्य अभियंता श्री एस.के. बंजारा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि आजादी के बाद से ऊर्जा उद्योग में काफी विकास हुआ है। इसमें कोरबा ताप विद्युत गृह को अनेक विद्युत गृहों के जनक होने का गौरव प्राप्त है। विद्युत नगरी कोरबा में यह मील के पत्थर की तरह स्थापित हुआ है। छत्तीसगढ़ के सबसे पुराने इस विद्युत गृह ने अपने जीवन काल में अनेक कीर्तिमान गढ़े हैं जिसका श्रेय निष्ठावान कर्मियों को जाता है।

समारोह में सुरक्षा निरीक्षक श्री कमलेश निषाद एवं सुरक्षा सैनिक श्री पवन साहू द्वारा परेड का नेतृत्व किया गया तथा विद्युत गृह विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। समारोह में कार्यपालन अभियंता सर्वश्री यू.एम. नवरे, संतोष राव धुर्वे तथा श्रम कल्याण समिति द्वारा 15 कर्मियों, 01 ठेका श्रमिक तथा 10 समूहों को ग्रुप अवार्ड से प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ मानचित्रकार श्री सुरेश सोनी ने किया।

## एबीवीटीपीएस में मतदान दिवस पर शपथ



अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में विद्युत संयंत्र के अतिरिक्त मुख्य अभियंता सर्वश्री अरुण वर्मा, टीएल देवांगन एवं रजनीश जांगड़े, कल्याण अधिकारी (प्रशिक्षु) आरएस टेकाम एवं अन्य उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लोकतंत्र के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए शपथ पत्र का वाचन किया गया। उपस्थितजनों ने निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए धर्म, जाति या अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का उपयोग करने दोहराया।

## दुर्ग में अमर शहीदों को श्रद्धांजलि



"शहीद दिवस" पर दुर्ग क्षेत्रीय मुख्यालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का स्मरण कर श्रद्धांजलि दी गई। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाले विभूतियों के त्याग और बलिदान के प्रति श्रद्धांजलि सभा में आस्था व्यक्त की गई। सभा में कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल, कार्यपालन अभियंता श्री एस.एस.बघेल, वरिष्ठ लेखाधिकारी श्री वाय. कोसरिया, प्रशासनिक अधिकारी श्री यू.सी. त्रिपाठी, अनुभाग अधिकारी श्री बी.एस. चंदेल, श्री ए.के. गंजीर एवं श्री ए.के. चटर्जी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए।

## अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह से सेवानिवृत कर्मियों की भावभीनी विदाई

अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह से दिसंबर-जनवरी माह में सेवानिवृत्त हुए अधिकारी-कर्मचारी सर्वश्री रणधीर सिंह उईके, विजय लाल मेहरा और जगन्नाथ देशमुख, रविंद्र कुमार तिवारी और ब्रिजकिशोर गुप्ता को पावर कंपनी की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। इन्हें मुख्य अभियंता श्री आरके श्रीवास, अतिरिक्त मुख्य अभियंता सर्वश्री अरुण वर्मा, सुनील विश्वास, टीएल देवांगन, राजाबाबू कोसरे और रजनीश जांगड़े द्वारा स्मृति चिह्न, प्रशस्ति प्रमाण पत्र भेंट किया। उन्होंने सेवानिवृतजनों के उज्जवल व सुखमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम में निज सचिव श्री अजय साहू और श्री एस. दास द्वारा सेवानिवृत्तों के सम्मान में काव्यपाठ किया गया। कार्यक्रम का संयोजन कल्याण अधिकारी (प्रशिक्षु) आर.एस. टेकाम द्वारा किया गया। समारोह के आयोजन में रामनारायण राठौर और विजय मिश्रा का विशेष सहयोग रहा।



## बिलासपुर में खेल सप्ताह का आयोजन



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्री. कंपनी बिलासपुर में गणतंत्र दिवस 2020 के अवसर पर खेल सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान तिफरा स्थित कार्यालय प्रांगण में नवनिर्मित बैडमिंटन कोर्ट का शुभारंभ कार्यपालक निदेशक श्री भीम सिंह कंवर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अभियंता श्री आई.एल.देवांगन, अति.मुख्य अभियंता जॉन मोहम्मद, अधीक्षण अभियंता श्री जे.बोंड़े, मधु मिंज एवं कार्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

## एचटीपीएस में कर्मचारी विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम



हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में 13 एवं 14 फरवरी को दो दिवसीय कर्मचारी विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अभियंता श्री एसके मेहता और अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री सुनील नायक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड के प्रभारी क्षेत्रीय निदेशक श्री डीएस सहारे ने कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम का संयोजन वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री पीआर खूंटे और संचालन कल्याण अधिकारी (प्रशिक्षु) श्री सुरेश कंवर द्वारा किया गया।

## राजनान्दगाव में विद्युतकर्मियों ने अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



राजनांदगाव क्षेत्र के पार्रीनाला स्थित क्षेत्रीय मुख्यालय के प्रागंण में आज दिनांक 30 जनवरी 2020 को प्रातः 11:00 बजे भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले अमर षहीदो एवं गांधीजी के पुण्यतिथी पर श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया। सभा में पॉवर कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विभूतियों के त्याग और बलिदान के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन धारणकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम के खिलाड़ी कबड्डी के विजेता



पावर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के विजेता हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम के खिलाड़ियों ने मुख्य अभियंता एसके मेहता से भेंट की। मुख्य अभियंता ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए आगे भी अच्छा प्रदर्शन जारी रखने के लिए शुभकामनाएं दी। पावर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता दुर्ग में 11 से 23 दिसंबर को आयोजित हुई थी।

## कल्याण अधिकारी श्री एसके शर्मा की विदाई



अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा में सेवारत वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री एस.के. शर्मा की स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पर आयोजित विदाई समारोह में कार्यपालक निदेषक श्री एम.एस. कंवर, अतिरिक्त मुख्य अभियंता सर्वश्री सुनील विष्वास, रजनीष जांगड़े, टी.एल. देवांगन, राजाबाबू कोसरे और एस.के. दुबे ने सेवानिवृत्त श्री शर्मा को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर सहायक प्रकाषन अधिकारी बसंत शाहजीत, सहायक विधि अधिकारी रमेष और कम्प्यूटर आपरेटर रामनारायण द्वारा शॉल, श्रीफल से सम्मान किया गया। समारोह में निज सहायक अजय साहू एवं वरि.स्टेनोग्राफर एस. दास द्वारा श्री शर्मा के कार्यों को उल्लेखित करते हुये कविता पाठ किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थिति अधिकारियों-कर्मचारियों ने श्री शर्मा के सपरिवार उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में रामनारायण राठौर एवं विजय मिश्रा का विषेष सहयोग रहा।



एक बार मंदिर में मेरे सामने आरती आने पर मैंने छांटकर जेब में से कटा-फटा पांच रूपए का नोट, कोई देखे नहीं, ऐसा डाला। वहां अत्यधिक भीड़ थी। तभी ठीक पीछे वाले सज्जन ने मेरे कंधे पर थपकी मार कर मेरी ओर 500 का नोट बढ़ाया। मैंने उनसे नोट लेकर आरती में डाल दिया और अपने मात्र 500 रुपए डालने पर मुझे थोड़ी लज्जा भी आई। बाहर निकलते समय मैंने उन सज्जन को श्रद्धापूर्वक नमस्कार किया। तब उन्होंने बताया कि 5 रुपए का नोट निकालते समय वो 500 का नोट मेरी जेब से गिरा था, जो उन्होंने मुझे दिया था। ऐसी स्थिति में, बस दिल को बहलाने के लिए गालिब ये ख्याल ही अच्छा था और मैं खुद को समझाते हुए कहता जा रहा था- ***तेरा तुझको अर्पण, क्या लागे मेरा, स्वामी क्या लागे मेरा।***

## विजिलेंस विभाग में समीक्षा बैठक



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्टीब्यूशन कंपनी द्वारा प्रदेश में बिजली चोरी पर अंकुश लगाने, अवैधानिक विद्युत का दुरूपयोग रोकने तथा विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शनों की आकस्मिक जांच के लिए सतर्कता विभाग का संचालन किया जा रहा हैं। इस विभाग से संबद्ध अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा बैठक मुख्य अभियंता श्री एस.के. ठाकुर ने ली। उन्होंने बिजली चोरी एवं अनियमितता के मामले में सख्ती करने सहित राजस्व वसूली को बढ़ाने पर बल दिया। बैठक में बताया गया कि विजिलेंस विभाग द्वारा प्रदेशभर में 36150 कनेक्शनों की जांच का लक्ष्य रखा गया है।

कंपनी के सतर्कता विभाग की टीम ने प्रदेशभर में 28 हजार से अधिक विद्युत कनेक्शन की जांच की, जिसमें 1720 विद्युत कनेक्शनों में बिजली चोरी का प्रकरण बनाया गया। बिजली चोरी के साथ ही कनेक्शनों की अनियमितता के 3 हजार से अधिक प्रकरण मिले हैं।ऐसे मामलों में लिप्त उपभोक्ताओं से 4 करोड़ 71 लाख रूपये की वसूली की गई।

कंपनी के सतर्कता विभाग के प्रतिवेदन में बताया गया कि बिजली चोरी के प्रकरणों में लिप्त 212 उपभोक्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई। ऐसे मामलों में से 120 प्रकरण को कोर्ट में प्रस्तुत किया गया है। रायपुर सिटी सर्किल-एक के अन्तर्गत 24 तथा सिटी सर्किल-दो में 20 उपभोक्ताओं के विरुद्ध बिजली चोरी का प्रकरण बनाया गया।

## राजनांदगांव में विदाई समारोह



एस.टी.एम. संभाग कार्यालय राजनांदगांव से सेवानिवृत हुए परिचारक श्रेणी एक श्री दिनेष कुमार तिवारी को कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने शॉल, श्रीफल एवं प्रतीकात्मक भेंट प्रदान कर शुभकामनायें दी। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्री वाय.के मनहर, श्री तरुण कुमार ठाकुर, कार्यपालन अभियंता श्री ए.के. बिजौरा, स्टॉफ आफिसर श्री के.के. देवांगन, सहायक अभियंता श्री एन.के. साहू, पीआर श्री डी. एस. मंडावी, निज सहायक श्री एस.के बक्षी, श्री पी.के. साहू, श्रीमती सरस्वती अय्यर, श्री एस.के. मराठा, श्री प्रकाश सोनटापर, श्री डी.दिलेश्वर राव सहित अन्य उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम का संचालन कल्याण अधिकारी श्री अशोक कुमार पिल्लई ने किया।

## हसदेव ताप विद्युत गृह में आनंद मेला



हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम के प्रतिज्ञा महिला मंडल द्वारा लाल मैदान पर 22 फरवरी को आनंद मेला 'द-ब्लॉसम 2020' का आयोजन किया गया। महिला मंडल की पदाधिकारियों अध्यक्षा मनीषा वर्मा, उपाध्यक्षा शीला सिंह, सचिव ममता शुक्ला, सहसचिव किरण कौशिक, क्रीड़ा सचिव खेमलता राठौर, सांस्कृतिक सचिव- बसंती साहू, कोषाध्यक्ष किरन जैस के साथ ही महिला मंडल की समस्त कार्यकारिणी सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा। महिला मंडल की अध्यक्षा मनीषा वर्मा ने विभिन्न सांस्कृतिक एवं समाजोपयोगी कार्यक्रमों की जानकारी दी।

मेला में उद्घोषक रविंद्र साहू, पी2 सर्विसेज के संचालक रंजीत सिंह तथा कालोनी की ही बालिकाओं उपाध्याय बहनों ने गायन प्रतिभा का प्रदर्शन कर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन रविंद्र साहू एवं कल्याण अधिकारी पीआर खुंटे द्वारा किया गया।

पी.एस.सी. टॉपर से भेंटवार्ता

# सेवा करने की इच्छा एवं कठिन परिश्रम से मिली सफलता - मृणमयी शुक्ला

***छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली से जहां राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर छबि बनाने में कामयाब हुई है वहीं कंपनी में सेवारत अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रतिभावान परिवारजनों ने यूपीएससी, पीएससी जैसी परीक्षाओं में स्वयं को श्रेष्ठ सिद्ध कर कंपनी परिवार को गौरवान्वित किया है। ऐसी परीक्षाओं में टॉप रेन्क पर स्थापित करने वालों में एक और नाम सुश्री मृणमयी शुक्ला का स्वर्णिम अक्षरों में अंकित हुआ है जो कि राज्य लोक सेवा आयोग 2018 की परीक्षा में 6वां रैंक प्राप्त कर लेखा अधिकारी के पद पर चयनित हुई है। पॉवर कंपनी के कार्यपालन अभियंता नगर संभाग पश्चिम बिलासपुर में परीक्षण सहायक श्रेणी-एक के पद पर कार्यरत श्री हरबंश शुक्ला की सुपुत्री सुश्री मृणमयी शुक्ला को मिली इस सफलता के लिए कार्यपालक निदेशक श्री भीम सिंह कंवर ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।***



सुश्री शुक्ला की अभिरूचि पेंटिग एवं लेखन में है तथा उनका लक्ष्य है कि आमजनों से निकटता बनाये हुए प्रशासनिक पद के दायित्वों का निष्पादन संपूर्ण कुशलता के साथ कर सके। उनकी सफलता की गाथा पर हुई बातचीत का अंश पॉवर कंपनी के परिवारजनों के लाभार्थ प्रस्तुत हैं:

**मुकेश- आपकी सफलता का राज क्या है**

***मृणमयी-*** *प्रतियोगी परीक्षा हो या जीवन के किसी भी क्षेत्र में मिली चुनौती उसमें सफल होने के लिए एकाग्रता के साथ किये गये निष्ठावान श्रम का विशेष महत्व होता है। लगातार ईमानदार कोशिश ही कामयाबी को सुनिश्चित करती है।*

**मुकेश- क्या आपको प्रथम प्रयास में ही सफलता प्राप्त हो गई थी ?**

***मृणमयी-*** *जी हां, मेरे लिए हर्ष-गर्व की बात रहीं कि प्रथम प्रयास में ही वर्ष 2017 में मेरा चयन अधिनस्थ सेवा लेखा अधिकारी के पद पर हुआ। बिलासपुर में कार्यरत रहते हुए भी मैं निरंतर आगे बढ़ने की ललक तथा उच्च पद पाने की इच्छा को बलवती बनाये हुए कठिन परिश्रम करती रहीं जिसका सुफल मुझे 2018 की लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 6 वें रैंक पर मेरा नाम दर्ज हुआ और मेरा चयन लेखा अधिकारी के पद पर हुआ।*

**मुकेश - अपने प्रेरणा स्त्रोत और शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में कृपया कुछ बताये।**

***मृणमयी-*** *मेरा जन्म बिलासपुर में हुआ। मैंने अपनी पूरी शिक्षा बिलासपुर के डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल से की, तथा बी.ई. (इलेक्ट्रिकल) (गोल्ड मेडलिस्ट) की उपाधि जगदलपुर इंजीनियरिंग कालेज से ली। जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मुझे देश के प्रथम राष्टपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद से मिली। उनकी विलक्षण प्रतिभा एवं सादगी मुझे अत्यधिक प्रभावित करती है। मेरी उपलब्धियों का श्रेय ईश्वर, गुरू, माता-पिता एवं भाई को जाता है, जिनके सहयोग एवं आर्शीवाद से मुझे कामयाबी मिली।*


मृणमयी जी की सफलता ने जहां नारीशक्ति के बढ़ते कदम को इंगित किया वहीं संदेश दिया कुछ कर गुजरने के लिए मौसम नहीं मन चाहिए साधन सभी जुट जाएंगे बस संकल्प का धन चाहिए।

*भेंटकर्ता- मुकेश कुमार माथुर, सहायक प्रकाशन अधिकारी, बिलासपुर*

# होली के दोहे



*टेसू हुआ जवान तो, बौराया है आम,*
*होली के खत आ गये,जबसे इनके नाम।*
*फागुन ने बिखरा दिये मस्ती के मकरंद,*
*पिचकारी ने रच दिये रंगों के रस-छंद।*
*फागुन ने कल भींचकर, मसल दिये थे गाल,*
*बिफर बिफर कर हो रहा, टेसू पीला-लाल।*
*तन मतवाला हो गया, मन भी हुआ मलंग,*
*नटखट फागुन घोलता, मौसम के घट रंग।*
*बूढ़े भी गाने लगे, झूम-झूमकर फाग,*
*फागुन गया कुरेद जब, दबी राख में आग।*
*खींचा भींचा जोर से, गया चिकोटी काट,*
*फागुन थानेदार सा, बना है साहब लाट।*
*साजन तो सजनी भये, सजनी साजन रंग,*
*कामदेव तो रति भये, हो गई रति अनंग।*
*मुझको मुझसे छिनकर, ले भागा कल रात,*
*होली खेलन भूलकर, हो ली उसके साथ।*
*बेसुध बीती शाम भी, अलसाई सी भोर,*
*चैन जिया का ले गय, वो फागुन चितचोर।*
*गिला नहीं शिकवा नहीं, भूले सब तकरार,*
*एक रंग सबको रंगे, रंगों का त्यौहार।*



**अशोक शर्मा,**
सहायक प्रबंधक (वित्त)
केन्द्रीय लेखा इकाई,
सीएसपीडीसीएल डंगनिया
रायपुर मो. 9425215981




# समय



*जीवन के आरंभ से रहता है समय*
*जीवन के हर डगर पर रहता है समय*
*जिंदगी के हर कर्म पर रहता है समय*
*जिंदगी के सुख दुख में साथ होता है समय*
*किस्मत से कम न ज्यादा मिलता है कभी*
*जितना भी मिलता है दिलाता है समय*
*जीवन के हर सांसों को सजाता है समय*
*जीवन के अंत तक साथ निभाता है समय*
*दुनिया में रहने वाले इतना तो जान ले*
*दुनिया से पहले और बाद मे रहता है समय*

**उमेश अय्यर**
संयंत्र सहायक श्रेणी-एक कर्मशाला गैरेज कोरबा पश्चिम

# मान. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा गोविन्द पटेल की पुस्तिका का विमोचन



छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी के सहायक प्रकाशन अधिकारी श्री गोविन्द पटेल की पुस्तिका 'छत्तीसगढ़ को तंदुरूस्त बना सकती है भाजी' का विमोचन मुख्यमंत्री निवास में 24 फरवरी को मान.मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने किया। इस पुस्तिका में छत्तीसगढ़ में पाई जाने वाली 100 प्रकार की पत्तेदारसब्जियों (भाजियों) का उनके औषधीय गुण और उन्हें पकाने की सचित्र जानकारी का प्रकाशन किया गया है। इस अवसर पर कृषि मंत्री रविंद्र चौबे, वन मंत्री मोहम्मदअकबर, नगरीय निकाय मंत्री शिव डहरिया, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, उद्योग मंत्री कवासीलखमा, मोहन मरकाम, विधायक विकास उपाध्याय मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि श्री पटेल पॉवर कंपनी में नियुक्ति के पूर्व पत्रकारिता जगत से जुड़े हुए थे। इन्हें कृषि पत्रकारिता में उत्कृष्ट योगदान के लिये छत्तीसगढ़ शासन ने राज्योत्सव 2009 में चंदूलाल चंद्राकर पत्रकारिता सम्मान प्रदान किया। 'छत्तीसगढ़ को तंदुरूस्त बना सकती है भाजी' पुस्तिका के पूर्व श्री पटेल द्वारा लिखित टमाटर की बंपर पैदावार, बढ़ती लागत घटता मुनाफा और तकदीर बदल सकते हैं सुनहरे दाने भी प्रकाशित हो चुकी है।

# सिविल संभाग गुढियारी में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्टीब्यूशन कंपनी के गुढ़ियारी रायपुर स्थित सिविल संभागीय कार्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ लिया गया। इस अवसर पर सर्वश्री अदीप कुमार श्रीवास्तव, संतोष कुमार दुबे, संजय कुमार चंदेल, श्रीमती मनीषा धृतलहरे, गौरवा वर्मा, वर्षा देवांगन, जमील अहमद, अनुजराम वर्मा, अजय यदु, देवशंकर दत्ता, हीराराम साहू, अमृतलाल, प्रेमबती एवं लच्छीराम केंवट सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# हमारे गौरव

## शिखा तिवारी



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के वरिष्ठ लेखाधिकारी कार्यालय बिलासपुर में कार्यरत श्री आनंद देव तिवारी, कार्या. सहा. श्रेणी-दो, एवं माता श्रीमती आशा तिवारी की पुत्री सुश्री शिखा तिवारी ने छत्तीसगढ़ का मान बढाते हुए गणतंत्र दिवस की 70वीं वर्षगांठ पर दिल्ली के राजपथ पर परेड में सलामी दी। इनकी प्रारंभिक शिक्षा बिलासपुर से हुई है। वर्तमान में शंकराचार्य टेक्निकल कालेज भिलाई में कम्प्युटर साइंस की छात्रा है। गायन, बागवानी, पेंटिंग और नृत्य कला में भी अभिरूचि रखती हैं। शिखा ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता को दिया है। है। बधाई...

## शशांक कटकवार



हसदेव ताप विद्युत संयंत्र कोरबा पश्चिम के वर्कशाप एवं गैरेज में कार्यरत श्री अशोक कटकवार के पुत्र शशांक कटकवार ने संगीत के क्षेत्र में राष्ट्रीय पहचान बनाते हुए पॉवर कंपनी परिवार को गौरवान्वित किया। शशांक ने गोवा के मडगांव में आयोजित मोहन कार्निवाल इंटरनेशनल म्यूजिक फेस्टिवल में शास्त्रीय संगीत में एकल गायन की प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस म्यूजिक फेस्टिवल में उज्जैन, बनारस, असम समेत देश के अन्य क्षेत्रों के कलाकारों ने हिस्सा लिया था। अभी शशांक पुणे में रहते हुए संगीत में स्नातकोत्तर की उपाधि ले रहे हैं। शशांक ने इंदिरा संगीत विवि खैरागढ़ से संगीत में स्नातक उपाधि प्राप्त की है। बधाई...

# कुर्यात सदा मंगलम





## प्रत्यूष संग सुमन

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी रायपुर के डायरेक्टर श्री जी.सी.मुखर्जी के सुपुत्र चि.प्रत्यूष का शुभ विवाह संबलपुर (उड़ीसा) निवासी श्री डॉ. अरुण कुमार गोस्वामी की सुपुत्री सौ.कां. सुमन के साथ 29 जनवरी 2020 को संबलपुर में सोल्लास संपन्न हुआ। बधाई...

## अंकित संग समीक्षा

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी रायपुर के कार्यपालक निदेशक (संचा. एवं संधा-उत्पादन) कार्यालय में पदस्थ अधीक्षण अभियंता श्री अमर पशीने के सुपुत्र चि. अंकित का शुभ-विवाह सांईखेड़ा (गाड़रवारा) निवासी श्री सुनील कुमार राय की सुपुत्री सौ.का. समीक्षा के साथ 04 फरवरी 2020 को भिलाई में सानंद संपन्न हुआ। बधाई...

## राहुल संग समाशी

छत्तीसगढ़ स्टेट विद्युत उत्पादन कंपनी डीएसपीएम कोरबा पूर्व में कार्यरत सत्येंद्र कुमार कुदेसिया अनु. अधिकारी एवं सहा. जनसूचना अधिकारी की सुपुत्री सौ.कां. समाशी का शुभ विवाह कांकेर जिले के चारामा निवासी चिरंजीव राहुल श्रीवास्तव के साथ 18 जनवरी 2020 को सोल्लास संपन्न हुआ। बधाई...





## साक्षी संग अवधूत

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में सहा. प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) श्री सुनील गनोदवाले तथा सौ. कां. सुरभि गनोदवाले, सेवानि. कार्या. सहा. श्रेणी-एक की सुपुत्री सौ.कां. साक्षी का शुभविवाह चि. अवधूत सुपुत्र अलका-विनायक जोशी, जमशेदपुर (टाटा नगर) निवासी के संग दिनांक 26 फरवरी 2020 को रायपुर में सोल्लास संपन्न हुआ। बधाई...



## कोनिका संग जय

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी दुर्ग क्षेत्र मे पदस्थ लेखाधिकारी श्री अशोक कुमार देवांगन की सुपुत्री सौ. कां. कोनिका का शुभ विवाह ग्राम गिधवा जिला बालोद निवासी श्री भीखम राम देवांगन के सुपुत्र चि. जय (कमल) के साथ दिनांक 30 नवम्बर 2019 को अभिनंदन पैलेस दुर्ग में संपन्न हुआ। बधाई...



## चंद्रशेखर संग रश्मि

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी रायपुर के कार्यालय मुख्य अभियंता (सिविल-वितरण) में कार्यरत बी.निवास राव, कार्यालय सहायक श्रेणी-एक के सुपुत्र चि. बी. चंद्रशेखर का शुभ विवाह रायपुर निवासी श्री राजीव निवसरकर की सुपुत्री सौ.कां. डॉ. रश्मि के साथ 20 जनवरी 2020 को रायपुर में सोल्लास संपन्न हुआ। बधाई...

प्रमाणित किया जाता है कि पत्रिका के मेक मुद्रण/प्रकाशन आदि गुणवत्ता एवं पत्रिका के अंदर के पृष्ठों में 90 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) और कवर पृष्ठों में 220 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) का उपयोग किया गया है - मुद्रक

# गणतंत्र दिवस 2020 में पुरस्कृत हुए अधिकारी-कर्मचारी



छायाकार : संजय ठेम्बे

प्रिंटेक स्केनर मिश्राबाड़ा, तात्यापारा, रायपुर 88899 14459

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी मर्यादित डंगनिया, रायपुर**

फोन : 0771-2574702, फैक्स : 0771-2574702 | website : www.cspc.co.in